# नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, मंगलवार 6 जुलाई 2021, शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-147 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित


### आज बेबाक

राजनीति में न तो कोई स्थाई दोस्त होता है और न ही स्थाई दुश्मन। जिगरी दोस्त कट्टर दुश्मन बन जाते है तो जानी दुश्मन अभिन्न मित्र बन जाते है। महाराष्ट्र में शिवसेना ने भाजपा से संबंध तोड़कर कांग्रेस व राकांपा से गठबंधन कर सरकार बना ली। अब शिवसेना एक बार फिर भाजपा के पुराने संबंधों की दुहाई दे रही है। संजय राउत के अनुसार शिवसेना और भाजपा भारत और पाकिस्तान नहीं है। हमारे रास्ते अलग हो गए है लेकिन दोस्ती बरकरार है। बकौल एक शायर- बदले बदले से सरकार नजर आते है, हमे तो बर्बादी के आसार नजर आते है।

# सुराजी गांव और गोधन न्याय योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बनी संजीवनी

## मुख्यमंत्री ने गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों और स्व-सहायता समूहों को 9.83 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की

- गोधन न्याय योजना के तहत अब तक 125.97 करोड़ रूपए का भुगतान
- 42 करोड़ रूपए से अधिक की वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय

**रायपुर (नवप्रदेश)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई सुराजी गांव योजना और गोधन न्याय योजना से गांव और ग्रामीणों के जीवन में एक नया बदलाव दिखाई देने लगा है। इन योजनाओं से ग्रामीणों और किसानों को संबल मिला है और ये ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए संजीवनी साबित हो रही है।



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर गोधन न्याय योजना के तहत कुल 9.83 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाइन अंतरण किया, जिसमें गोबर विक्रेताओं को 48 लाख रूपए तथा गौठान समितियों व महिला स्व-सहायता समूहों को लाभांश के रूप में 9.35 करोड़ रूपए की राशि शामिल है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### गोधन न्याय योजना एक महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना

कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना एक महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना की प्रशंसा पार्लियामेंट की स्वच्छ भारत मिशन कमेटी एवं जैविक खाद कमेटी ने की है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक 48.56 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है। इससे लगभग 19 लाख क्विंटल वर्मी और सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन संभावित है, जो कि क्रय गोबर की मात्रा का लगभग 40 प्रतिशत है। मंत्री श्री चौबे ने कहा कि अब तक लगभग 7 लाख क्विंटल वर्मी एवं सुपर कम्पोस्ट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### स्वावलंबन की दिशा में बढ़ रहा छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह बातें आज अपने निवास कार्यालय में, गोधन न्याय योजना के तहत राशि अंतरण के वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मजबूत और स्वावलंबी गांवों का सपना देखा था, उनका सपना आज छत्तीसगढ़ में साकार हो रहा है। छत्तीसगढ़ के गांव आज स्वावलंबन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

## इधर खाद-बीज को लेकर रमन ने सरकार को घेरा

**रायपुर/नवप्रदेश।** इधर पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमनसिंह ने आज अपने निवास पर प्रेस कान्फ्रेंस लेकर किसानों को खाद और बीज की हो रही कमी को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने सरकार से पूछा की जब केन्द्र सरकार पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उलपब्ध करा रही है तो राज्य के किसान खाद-बीज की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन कैसे कर रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा केन्द्र सरकार को लिखे जाने वाले पत्रों को लेकर सवाल किया कि जब आपके पास उपलब्ध खाद-बीज किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है तो पत्र लिखने का कोई औचित्य नहीं है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### खास-खबर

## एक्टिविस्ट फादर स्टेन स्वामी का निधन

**नई दिल्ली।** एक्टिविस्ट फादर स्टेन स्वामी का आज निधन हो गया। उनकी उम्र 84 साल थी और उनकी मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट बताई जा रही है। दोपहर करीब 1.30 बजे बांबे हाई कोर्ट को उनकी मौत की सूचना दी गई। फादर स्टेन स्वामी भीमा कोरेगांव हिंसा से जुड़े मामले में गिरफ्तार हुए थे। उन्हें तलोजा सेंट्रल जेल में रखा गया था। यहां स्वामी और एल्गार केस मे उनके साथी बंदी लगातार खराब स्वास्थ्य सुविधाओं की शिकायत कर रहे थे। इसके बाद ही 29 मई को बांबे हाई कोर्ट के निर्देश पर उन्हें होली फैमिली हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। स्वामी स्टेन ने हाल ही में कोविड-19 को मात दी थी। लेकिन इसके बाद उनकी हालत लगातार खराब ही रही।

### भारतीय स्टेट बैंक द्वारा तैयार एक रिपोर्ट में लगाया अनुमान

# अगस्त में आएगी कोरोना की तीसरी लहर, सितंबर में पीक

**नई दिल्ली (ए.)।** भारत में अभी कोरोना की दूसरी लहर की रफ्तार धीमी ही पड़ी है कि तीसरी लहर को लेकर कयास लगने लगे हैं। इस बात की संभावना जताई जाने लगी है कि अगस्त तक इस महामारी की तीसरी लहर आ सकती है, जो कि सितंबर तक अपने चरम पर पहुंच जाएगी। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा तैयार एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है।

#### दूसरी लहर जैसी हो सकती है तीसरी

जून में प्रकाशित एसबीआई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संभावित तीसरी लहर दूसरी जितनी गंभीर हो सकती है। हालांकि यह भी कहा गया है कि संक्रमण की संख्या दूसरी लहर के कारण कम भी हो सकती है। भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर अप्रैल और मई में अपने चरम पर थी। देश ने इस अवधि के दौरान कई दिनों तक दैनिक संक्रमण और कोरोनो के कारण मौतों की रिकॉर्ड संख्या देखी। इस दौरान देश को ऑक्सीजन संकट से जूझना पड़ा।

#### कोविड-19 : रेस टू फिनिशिंग लाइन रिसर्च रिपोर्ट

एसबीआई की कोविड -19: रेस टू फिनिशिंग लाइन रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है, मौजूदा आंकड़ों के अनुसार, भारत में जुलाई के दूसरे सप्ताह के आसपास रोजाना लगभग 10,000 कोविड -19 मामले सामने आ सकते हैं। हालांकि, मामले अगस्त के दूसरे पखवाड़े तक बढ़ सकते हैं। आपको बता दें कि दूसरी लहर 7 मई को चरम पर थी, जब चार लाख से अधिक मामले सामने आए थे। रिसर्च में कहा गया है कि अनुमान रुझानों पर आधारित हैं। वैश्विक डेटा से पता चलता है कि औसतन, तीसरी लहर के दौरान पहुंचने वाले चरम मामले कोरोनो वायरस महामारी की दूसरी लहर से लगभग दो या 1.7 गुना अधिक हैं। अधिकांश विशेषज्ञ लगभग एकमत हैं कि देश में कोरोना की तीसरी लहर आएगी।

### कोविन ग्लोबल कानक्लेव में बोले पीएम मोदी

## 'कोविन एप को लेकर भारत दुनिया की मदद को तैयार'

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कोविन वैश्विक सम्मेलन को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि हमें एक दूसरे से सिखाना होगा और मदद करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत इस कोरोना महामारी की शुरुआत से सभी संसाधनों को विश्व से जितना संभव हो सके, साझा करता रहा है। कोविन ऐप को लेकर भी भारत दुनिया की मदद करने को तैयार है। पीएम मोदी ने कहा, भारत दुनिया की तकनीकों से भी सीखता रहा है। सॉफ्टवेयर ऐसा क्षेत्र है, जहां संसाधन की कोई कमी नहीं है। लिहाजा हमने ट्रैकिंग, ट्रेसिंग के ओपन सोर्स की शुरुआत की है। 20 लाख लोगों के साथ यह सॉफ्टवेयर डेवलपर द्वारा विकसित करने के लिए तैयार किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी से दुनिया भर में मारे गए लोगों के प्रति वे संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले 100 साल में ऐसी कोई महामारी नहीं आई। लेकिन अनुभव बताता है कि कोई भी देश, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अकेले इस महामारी का मुकाबला नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कोविन प्लेटफॉर्म को दूसरे देशों के लिए डिजिटल जनसेवा के तौर पर पेशकश किया है, ताकि वे अपने कोविड-19 टीकाकरण अभियान को संचालित कर सकें।

### बुधवार को होगी मोदी कैबिनेट की बैठक

## केंद्रीय कर्मचारियों के डीए पर हो सकता है बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक होने वाली है। इस बैठक में कई एजेंडों पर मुहर लग सकती है। इसी बैठक में केंद्रीय कर्मचारियों के डीए को लेकर प्रस्ताव पेश किया जाएगा। इस बात की संभावना प्रबल है कि इस प्रस्ताव को मंजूर भी कर लिया जाएगा। आपको यह भी बता दें कि कैबिनेट की यह बैठक ऐसे समय में होने जा रही है, जब कैबिनेट विस्तार को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। हालांकि अभी तक इस बात को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि कैबिनेट विस्तार किस तारीख को होगी। इसके स्वरूप क्या होगा।

आपको बता दें कि केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में सातवें वेतन आयोग के तहत महंगाई भत्ते के बकाया के भुगतान पर फैसले लिए जाने की उम्मीद है। अगर सरकार भुगतान का फैसले लेती है तो इससे केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों को फायदा होगा।

### गोमती रिवर फ्रंट घोटाले में सीबीआई का बड़ा एक्शन

## 189 पर एफआईआर, 40 जगह छापेमारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गोमती नदी परियोजना मामले में एक और एफआईआर दर्ज की है। इस केस में 16 सरकारी अफसरों के साथ 173 निजी व्यक्तियों, फर्मों और कंपनियों को दोषी बनाया गया है। कुल तरह से मामले में कुल 189 आरोपी हैं। समाचार एजेंसी एएनआई की ट्वीट के मुताबिक इन सभी के खिलाफ गोमती रिवर चैनलाइजेशन प्रोजेक्ट और गोमती रिवर फ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के काम में 407 करोड़ रुपए की गड़बड़ी का मामला है। जिन 16 सरकारी अफसरों को आरोपी बनाया गया है उनमें से तीन चीफइंजीनियर और छह सहायक इंजीनियर के यहां छापेमारी भी की जा रही है।

वहीं सीबीआई ने आज गोमती रिवर फ्रंट घोटाला मामले में एक साथ 40 स्थानों पर छापेमारी की। इन स्थनों में लखनऊ, सीतापुर, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### आज से शुरू हुए दो दिवसीय सत्र के पहले ही दिन भाजपा को धक्का

## अध्यक्ष को धक्का देने व गाली देने पर भाजपा के 12 विधायक निलंबित

**मुंबई (ए.)।** महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन ही भाजपा के 12 विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष ने निलंबित कर दिया। भाजपा विधायकों पर आरोप है कि वे उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को अपशब्द कहे। वहीं निलंबित विधायक राम सतपुते ने कहा- हम गाली-गलौज नहीं कर रहे हैं। हमें एक कहानी गढ़ने के लिए निलंबित कर दिया गया था।

लेकिन ओबीसी के राजनीतिक आरक्षण के लिए हमारा संघर्ष जारी

#### इन 12 विधायकों को किया सस्पेंड

संजय कुटे, आशीष शेलारी, गिरीश महाजनी, पराग निराई, राम सतपुते, अतुल भाटखलकरी, जयकुमार रावली, हरीश पिंपल, योगेश सागर, नारायण कुचे, कीर्ति कुमार (बंटी) बागडिया, अभिमन्यु पवार।

#### 106 विधायकों की होगी नियुक्ति : फडणवीस

विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि ओबीसी आरक्षण के लिए 12 या 106 विधायकों को भी मैदान में उतारा जाएगा। भाजपा के 12 विधायकों को निलंबित करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष को धक्का देने और गाली-गलौज करने पर भाजपा के 12 विधायकों पर 1 साल की निलंबन की कार्रवाई हुई।

### आरजेडी के स्थापना दिवस पर छलका लालू यादव का दर्द, बोले-

## हम मिट जाएंगे, झुकेंगे नहीं

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 25 वें स्थापना दिवस समारोह में कार्यकर्ताओं को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए पार्टी सुप्रीमो लालू यादव का दर्द छलक आया। लालू ने कहा, 'मैं लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हम मिट जाएंगे लेकिन झुकेंगे नहीं। वे हमारी सरकार को जंगलराज कहते हैं। हमने तो तवा पर एक ही साइड से पक रोटी को पलटने का काम किया। हमरा राज जंगलराज नहीं जनराज रहा। चरवाहा स्कूल एक मैसेज था कि पेट के साथ शिक्षा का भी इंतजाम हो।'

इसके साथ ही उन्होंने अपनी गैरहाजिरी में पार्टी सम्भालने के लिए अपने बेटे तेजस्वी यादव की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि बिहार में हमारी अनुपस्थिति में चुनाव हुआ। हम तड़पते रह गए। हमें मलाल है। तेजस्वी से बात होती रहती थी। उसने कहा कि पापा चिंता मत कीजिए। हम लोगों से निपट लेंगे। लालू ने राष्ट्रीय जनता दल के गठन से लेकर अभी तक के संघर्ष के बारे में विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहा कि रामकृष्ण हेगड़े के परामर्श से पार्टी का नाम राष्ट्रीय जनता दल रखा गया था। पार्टी के स्थापना काल से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादियों ने संघर्ष छेड़ा कि मंडल कमीशन लागू करो। उस समय की सरकार ने गाड़ी रोककर रास्ते में कुटाई कराई, फिर हम लोग दिल्ली पहुंचे।

### छापे में मिले दस्तावेज, कम्प्यूटर व पेन ड्राइव की जांच शुरू

## जीपी सिंह मामले में आगे बढ़ी जांच लॉकरों और डायरी की जाँच में जुटी एसीबी

**रायपुर/नवप्रदेश।** एडीजी जीपी सिंह के ठिकानों पर एसीबी की कार्रवाई में तेजी आई है। छापे में मिले दस्तावेज, कम्प्यूटर व पेन ड्राइव की जांच शुरू कर दी गई है। इनसे मिले सबूत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसीबी के सूत्रों के मुताबिक जीपी सिंह के लॉकरों की आज जांच की गई । दस्तावेजों से अलग-अलग बैंकों में आधा दर्जन लॉकर होने का खुलासा हुआ था। इसके अलावा जीपी सिंह के सभी बैंक खातों को सीज करने के लिए एसीबी बैंक प्रबंधन को पत्र लिखेगी।

#### जांच में अब तक 15 ठिकानों से करीब 10 करोड़ की बेनामी सम्पत्ति मिली

गौरतलब है कि पिछले चार दिनों से एसीबी की जांच में अब तक 15 ठिकानों से करीब 10 करोड़ की बेनामी सम्पत्ति मिली है। जीपी सिंह से हुई पूछताछ में अब तक कोई ख़ास क्लू नहीं मिला है। अधिकंश दस्तावेजों पर उन्होंने हस्ताक्षर से इंकार कर दिया है। लेकिन आगामी जाँच के दौरान और भी का बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। सबसे बड़ा खुलासा गटर में मिले 3 डायरी से होना है जिसकी अभी सूक्ष्म पड़ताल चल रही है।

जानकारी के मुताबिक आय से अधिक संपत्ति के मामले में एसीबी की जांच पूरी होने के बाद कोर्ट में चालान प्रस्तुत किया जाएगा, लेकिन इस चालान को पेश करने से पहले केन्द्र सरकार से अनुमति लेनी होगी। चालान पेश होने के बाद राज्य सरकार जीपी सिंह को निलंबित कर सकती है। बताया जा रहा कि इतना पैसा कहां से और किसने दिया इन पहलुओं की भी एसीबी जांच कर रही है।

### कैबिनेट विस्तार — चर्चा में महाराष्ट्र से 3 नाम, देखें इनके नामों पर लग सकती है मुहर, लिस्ट...

# मोदी कैबिनेट में सिंधिया, सुशील समेत 17 से 22 नए चेहरे...

**नई दिल्ली (ए.)।** इस हफ्ते मोदी कैबिनेट का विस्तार हो सकता है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी 7 जुलाई को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं। मोदी की नई कैबिनेट में 17 से 22 मंत्री ले सकते हैं शपथ जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां सोशल इंजीनियरिंग की दृष्टि से मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है। इसके अलावा राज्य स्तरीय दलों के नेताओं को कैबिनेट में जगह देकर एनडीए भी मजबूत होने को तैयार है। जानिए किस राज्य के कितने मंत्री मोदी की कैबिनेट में शामिल हो सकते हैं।

#### इन राज्यों के संभावित मंत्री पद के लिए हो सकते हैं शामिल, सबसे ज्यादा चर्चा महाराष्ट्र की

**उत्तर प्रदेश**
- तीन से चार मंत्री शामिल होंगे।
- अपना दल की अनुप्रिया पटेल

**बिहार**
- दो से तीन मंत्री शामिल होंगे।
- भाजपा - सुशील मोदी
- जदयू के आरसीपी सिंह
- और लोजपा के पशुपति पारस

**मध्य प्रदेश**
- एक से दो मंत्री होंगे शामिल
- ज्योतिरादित्य सिंधिया
- राकेश सिंह

**महाराष्ट्र**
- एक से दो मंत्री होंगे शामिल
- नारायण राणे
- हिना गाविटा
- रंजीत नाइक निंबालकर

**राजस्थान**
- एक मंत्री भी शामिल हो सकता है

**जम्मू और कश्मीर**
- मंत्री पद मिल सकता है।

**लद्दाख**
- मंत्री पद मिल सकता है

**असम**
- एक से दो मंत्री शामिल हो सकते हैं।
- सोनोवाल

**पश्चिम बंगाल**
- शांतनु ठाकुर
- निशीथ प्रमाणिक

**उड़ीसा**
- मंत्री पद मिल सकता है।
- इसके अलावा जदयू, लोजपा और वाईएसआर कांग्रेस के मंत्री भी मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं।

#### कैबिनेट में अतिरिक्त प्रभार वाले ये 9 मंत्री छोड़ सकते हैं अतिरिक्त मंत्रालय-

- प्रकाश जावड़ेकर
- पीयूष गोयल
- धर्मेंद्र प्रधान
- नितिन गडकरी
- डॉ हर्षवर्धन
- नरेंद्र सिंह तोमरी
- रविशंकर प्रसाद
- स्मृति ईरानी
- हरदीप सिंह पुरी
- *केंद्रीय मंत्रिमंडल में अधिकतम 81 सदस्य हो सकते हैं। वर्तमान में 53 मंत्री हैं। यानी 28 और मंत्रियों को शामिल किया जा सकता है।*

### एलोपैथी बनाम आयुर्वेद

## सुप्रीम कोर्ट में रामदेव और डॉक्टरों के वकीलों के बीच तीखी नोकझोंक

- कोर्ट ने कहा- झगड़ा मत करो, योग गुरु की याचिका पर 12 जुलाई को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को योग गुरु रामदेव और डॉक्टर निकाय के वकीलों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। यह इस कदर बढ़ गई कि कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। कोर्ट रामदेव की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इसमें योग गुरु ने एलोपैथिक मेडिसिन पर अपने बयान को लेकर दर्ज प्राथमिकी पर कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि रामदेव की याचिका पर 12 जुलाई को सुनवाई होगी। अदालत को सोमवार को एलोपैथिक दवा के इस्तेमाल पर रामदेव के बयान के मूल रिकॉर्ड की जांच करनी थी। साथ ही उनके खिलाफ मामलों को दिल्ली स्थानांतरित करने की रामदेव की याचिका पर सुनवाई करनी थी।

एलोपैथी दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ रामदेव के बयान के संबध में दर्ज प्राथमिकियों के सिलसिले में जांच पर रोक लगाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

## न्यूज गैलरी

### मंडल पदाधिकारियों ने किया वृक्षारोपण

**कुम्हारी।** प्रदेश संगठन व जिला संगठन के निर्देशानुसार 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि से उनके जयंती 6 जुलाई के मध्य वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया था। जिसमे भाजपा मंडल वार्ड 7 रामनगर स्थित राममंदिर गार्डन में वृक्षारोपण किया। जिसमें शिवप्रसाद शर्मा, योगेश साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष निश्चय वाजपेयी, भिलाई जिला सह.कोषाध्यक्ष राकेश पांडेय, मंडल महामंत्री गोल्डी गोस्वामी, कैलाश मंडल, कोषाध्यक्ष राजू निषाद, पार्षद विनोद बंजारे, उपाध्यक्ष फिंगेश्वर साहू, दीपक चतुर्वेदी, मंत्री गीता निर्मलकर, परदेसी साहू, भोजराम साहू, पुनीत साहू, चिंताराम साहू, दीपक बैस, रामप्रसाद साहू, युवानेता सुजीत यादव, गजेन्द्र यादव, विशाल यादव, अभय साहू, भानू साहू उपस्थित थे। वही ग्राम जंजगिरी में भी वृक्षारोपण किया। जिसमें लोकेश साहू नेता प्रतिपक्ष नपा, पार्षद अरुणा साहू, आशीष पटवा, मोहित साहू, अश्वनी देवांगन, दीपक साहू, रामसिंह साहू, नेमबति साहू, विवेक झा, जितेंद्र साहू, दानीराम साहू, वीरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### मानसून कण्ट्रोल रुम संचालित

**भिलाई।** नगर सेवाएँ विभाग द्वारा भिलाई टाउनशिप के रहवासियों के लिए 5 जुलाई 2021 से मानसून कण्ट्रोल रूम संचालित किया गया है। इस कण्ट्रोल रूम में 'बी' एवं 'सी' शिफ्ट में कार्मिक ड्यूटी पर रहेंगे। जिन्हें, बीएसपी फोन नं- 0788-2855719, 2857162 एवं 2857110 पर सम्पर्क कर मानसून में आने वाली समस्याओं की सूचना दर्ज करा सकते हैं। वृक्षों का रोड पर गिरना, विद्युत प्रदाय लाइन पर वृक्ष गिरना, तूफान के कारण बिजली प्रदाय बाधित होना, विद्युतीय दुर्घटनाएँ, क्षेत्रों में जलमग्न की दशा, सीवरेज जाम, छज्जा गिरना, दूषित जल सम्बन्धित आदि समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए, टाउनशिप निवासी इस कण्ट्रोल रूम का लाभ ले सकते हैं।

### जनसंख्या स्थिरीकरण प्रचार-प्रसार

**दुर्ग।** जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा प्रथम फेज 10 जुलाई तक होगा और द्वितीय फेज 11 से 24 जुलाई 2021 जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। 11 से 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या पखवाड़ा मनाया जाएगा।30 जून को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉण् सीबीएस बंजारे द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का प्रचार.प्रसार हेतु प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा डॉ. सतीश मेश्राम, डॉ दिव्या श्रीवास्तव, डॉ. अनिल शुक्ला, डॉ सुगम सावत, डॉ. आरके खण्डेलवाल एवं कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# वन होम-वन ट्री महा अभियान, आज पौधरोपण का सबसे बड़ा दिन

**नवप्रदेश संवाददाता**

**दुर्ग।** पौधरोपण के लिए आयोजित होने वाले महा अभियान के कार्यक्रम पहले सार्वजनिक स्थलों में आयोजित होते थे। हरियाली की बढ़ती महत्ता को देखते हुए अब इसे केवल सार्वजनिक स्थलों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। जब हर घर में पौधे लगेंगे तभी प्रकृति को सहेजा जा सकेगा। इस सोच के चलते कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने नवाचारी पहल करते हुए वन होम, वन ट्री महाअभियान आरंभ करने का निर्णय लिया। पिछले साल पूरे जिले में इस अभियान के अंतर्गत लगभग पांच लाख पौधे रोपे गए थे। इस बार भी यह अभियान आज के ही दिन छह जुलाई को होना है। कलेक्टर डॉण् सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने इस अवसर पर जिले के सभी रहवासियों से अपने घरों में एक पौधा लगाने की अपील की है। जिला औद्योगिक प्रधान है। स्वाभाविक रूप से वातावरण को शुद्ध करने में पेड़ों की अहम भूमिका होती है। हमारे आसपास जितने पेड़ होंगेए हमारे फेफड़े उतने ही शुद्ध होंगे। पेड़ों से आक्सीजन की आपूर्ति होती है। स्वच्छ प्राणवायु के लिए पौधे बेहद आवश्यक हैं। हरियाली का दायरा उतना ही बढ़ेगा।

**जलसंरक्षण के लिए भी पौधों की अहम भूमिका**

शहरों में जलस्तर के तेजी से गिरावट की बड़ी वजह पौधों की कमी भी होती है। पौधे अपनी जड़ों के माध्यम से पानी संचित करके रखते हैं इससे भूमिगत जल का रिचार्ज होता रहता है। मिट्टी के कटाव को रोकने में भी इसकी अहम भूमिका होती है।

**हरियाली को सहेजने लगाए पौधा : गृहमंत्री साहू**

गृह एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना एवं इसे सहेजना सबसे बड़ी चुनौती है। दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा वन होम, वन ट्री अभियान चलाया जा रहा है। दुर्ग जिले के रहवासी हमेशा से ऐसे जनसरोकार के कार्यक्रम में पूरा योगदान देते हैं। वे अपने घर पौधे लगाकर इस अभियान को सफल बनाएंगे।

**हर घर हो पौधा : मंत्री चौबे**

कृषि एवं जलसंसाधन मंत्री रविंद्र चौबे ने अपने संदेश में कहा कि हर घर में एक पौधा लगेगा तो हरियाली का दायरा बहुत बढ़ जाएगा। पौधे लगने से शुद्ध हवा तो मिलेगी हीए प्रकृति को भी सहेजने में मदद मिलेगी।

**अपने घर लगाएं पौधा**

पीएचई मंत्री गुरुरुद्र कुमार ने अपने संदेश में कहा कि पौधरोपण पुनीत कार्य है। इस कार्य में सबकी भागीदारी होनी चाहिए।

**हरियाली की दिशा में बड़ा कदम : विधायक देवेन्द्र**

विधायक देवेंद्र यादव ने अपने संदेश में कहा कि वन होमए वन ट्री अभियान हरियाली को सहेजने एवं आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण अभियान है। हर घर में एक पौधा लगेगा तो हरियाली स्वतः ही बहुत बढ़ जाएगी।

**कुल 43 वैगनों की रेक में इस ग्रेड के 2700 टन वायर रॉड को रोल करके भेजा**

# एसएई 1008 वायर रॉड कॉइल्स का नेपाल को निर्यात

**नवप्रदेश संवाददाता**

**भिलाई।** इस्पात संयंत्र के वायर रॉड मिल ने 30 जून, 2021 को एसएई-1008 के 2700 टन वायर रॉड कॉइल्स का सफलतापूर्वक नेपाल निर्यात किया गया। इस वित्तीय वर्ष में अब तक बीएसपी ने कुल 5400 टन वायर रॉड का निर्यात नेपाल को कर चुका है। विदित हो कि संयंत्र के वायर रॉड मिल में परंपरागत रूप से एसएमएस 1-बीबीएम रूट से प्लेन वायर रॉड और टीएमटी कॉइल की रोलिंग की जाती रही है। एसएमएस 1-बीबीएम रूट के बंद होने के बाद, वायर रॉड मिल ने एसएमएस-3 रूट से प्राप्त कास्ट बिलेट्स से गुणवत्ता वाले एसएई-1008 के प्लेन वायर रॉड्स की दूसरी बार सफलतापूर्वक रोलिंग की है। इस्पात संयंत्र के वायर रॉड मिल ने 30 जून 21 को एसएई-1008 के कुल 43 वैगनों की रेक में इस ग्रेड के 2700 टन वायर रॉड को रोल करके नेपाल भेजा गया। कॉइल्स की एक और अनूठी विशेषता यह है कि प्रत्येक कॉइल को क्यूआर कोड के साथ लेबल किया गया है जिसमें विभिन्न प्रकार की जानकारी होती है जैसे - हीट नंबर, क्वाइल संख्या, रोलिंग की गुणवत्ता, अनुभाग, तिथि और शिफ्ट। ये सभी जानकारी प्रत्येक कॉइल के लिए अलग-अलग होती हैं। इस लेबलिंग के साथ कॉइल के उचित लेबलिंग और मार्किंग की गयी है। ऐसा करते हुए सेल के मार्केटिंग विभाग सीएमओ की आवश्यकताओं को पूरा किया गया। एसएई-1008 वायर रॉड्स का उपयोग वायर ड्रॉइंग यूनिट्स द्वारा जीआई वायर बनाने के लिए किया जाएगा जिसके माध्यम से पहाड़ो पर होने वाले भू-स्खलन को रोकने हेतु गेबीयन बॉक्स का निर्माण किया जाएगा। आधी सामग्री को आगे के उपयोग के लिए गैल्वेनाइज्ड किया जाएगा।

# आज बिखरेगी हरियाली लगेगा 1 हजार पौधे

**नवप्रदेश संवाददाता**

**दुर्ग।** निगम सीमा अंतर्गत वार्ड 60 पानी टंकी के सामने स्टील कालोनी वन होम वन ट्री महाअभियान पौधा रोपण किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे रखा गया है। आयुक्त हरेश मंडावी ने पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा और अधिकारियों के साथ पौधा रोपण महाअभियान कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा अच्छे देखभाल का संकल्प लेंगे पिछले वर्ष अभियान के तहत लगाए गए अधिकांश पौधे बढ़ रहे है। इस बार भी रोपित किए पौधे की अच्छे से देखभाल करने का संकल्प लेते हुए रोपित किए जाएंगे। आयुक्त ने कहा आम नागरिको की सहभागिता बहुत जरूरी इसके लिए सामाजिक संस्थाएंए अहम भूमिका निभा सकती है। आज स्टील कालोनी में 1 हज़ार पौधे लगाने का लक्ष्य है। पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा ने कहा जनभागीदारी के सहयोग से हरियर दूर्ग के उद्देश्य को पूरा किया जा सकेगा आम नागरिक अपने घर और आस-पास पौधरोपण अवश्य करें।

# कार्य फील्ड में उतरकर करें : आयुक्त मंडावी

**नवप्रदेश संवाददाता**

**दुर्ग।** निगमायुक्त हरेश मंडावी द्वारा डाटा सेंटर में टीएल बैठक में जनचौपाल, समयसीमा पीजीएन और विभागीय चर्चा की नस्तियों पर त्वरित कार्रवाही करने के लिए निर्देश दिएं। आयुक्त मंडावी ने प्रभारी बाजार अधिकारी को अवैध ठेलों को हटाये की कार्यवाही कर प्रतिवेदन देने को कहा। मुख्यमंत्री जनचौपाल के तहत अतिक्रमण अधिकारी को आरटीओ ऑफिस के सामने एवं गौरव पथ में अवैध व्यवसाय करने वालो को एक सप्ताह के अंदर हटाने और सड़कों का संधारण हेतु जहाँ जरूरत हो स्वीकृति लेकर कार्य करावे। जो कार्य शासकीय पीडब्ल्यू डी0 कर रहा है उसे प्रस्तावित न करें। अमृत मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन हेतु गड्ढा खोदा गया है जिसके कारण रोड खराब हुआ है उसका संधारण तत्काल करें। बैठक में चर्चा सम्बंधित नस्तियों पर चर्चा की गई तथा पेपर कतरन पर बाजार अधिकारी, स्थापना प्रभारी एवं राजस्व अधिकारी ने कार्यवाही नही किये है जिसे आज ही कार्यवाही कर प्रस्तुत के निर्देश दिए। जीई रोड में निर्मित बाउंड्रीवाल को हटाने को कहा गया। उक्त कार्य का एनओसी दिया है उसे निरस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# आज वृहदस्तर पर रोपे जाएंगे पौधे : रघुवंशी

**नवप्रदेश संवाददाता**

**भिलाई।** निगम क्षेत्र को हरा भरा बनाने के लिए वृहदस्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। शहर के हर गली मोहल्ले, गार्डन, स्कूल, कॉलेजों सहित सड़क के किनारे हरियाली बढ़ाने वृहदस्तर पर पौधारोपण करने अभियान का 6 जुलाई को शुरूआत निगम प्रशासन द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन के सहयोग से हरियर भिलाई, सुंदर भिलाई के लिए वन होम वन ट्री अभियान के तहत मंगलवार को निगम के सभी जोन कार्यालयों में आम नागरिकों को पौधारोपण के लिए अपील करते हुए निःशुल्क पौधा प्रदान किया जाएगा, जिसे वे अपने सुविधा अनुसार घर के आसपास रोपित कर पौधे का संरक्षण कर सके। मंगलवार को भिलाईनगर रेलवे स्टेशन के पास निगम के वाहन शाखा परिसर में दोपहर 12 बजे से होने वाले पौधारोपण कार्यक्रम में भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी, भिलाई जिलाध्यक्ष तुलसी साहू व अन्य जनप्रतिनिधि के साथ निगम के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने वृक्षारोपण एकमात्र विकल्प हैए निगम प्रशासन शहर के सभी संगठन, व्यापारी, एनजीओ, सामाजिक, कार्यकताओं, स्कूल कॉलेज प्रबंधन व आम नागरिकों से हर घर एक पेड़ अभियान के तहत पौधारोपण के लिए अपील कर रहे हैं।

आयुक्त पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए विभागीय अधिकारी व जोन आयुक्तों को निर्देश दिए है कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अधिक से अधिक पौधारोपण तथा उनके संरक्षण का संकल्प नागरिकों को कराया जाए।

रेलवे स्टेशन के पास जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दोपहर 12 बजे पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत होगी।


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं DEVENDRA KUMAR JAIN S/O SHRI GULJARILAL JAIN निवासी H.NO.-00 , WARD NO.- 49, VIDHUT NAGAR, DURG, DIST-DURG, (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम DEVENDRA JAIN S/O GULJARILAL JAIN रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम DEVENDRA JAIN S/O GULJARILAL JAIN से ही जाना पहचाना जावे।

DEVENDRA JAIN
H.NO.-00 , WARD NO.- 49,
VIDHUT NAGAR, DURG,
DIST-DURG, (C.G.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202107100400034

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक नीरज खत्री आ. रोशन लाल खत्री निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 160/7 रकबा 0.023 हें/ 2540 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दाव/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202106100400544

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका अजरा बेगम पति अब्दुल फिरोज निवासी फरीद नगर कोहका द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 587/19 रकबा 0.012 हें/ 1260 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202106100400493

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सुमित्रा साहू पति हेमंत कुमार साहू निवासी पोटियाकला द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 55 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 395/35 रकबा 0.0150 हें/ 1650 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम भीखम दास | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202106100400362

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री भीखम दास आ. स्व. नंदलाल दास निवासी साकेत नगर कुरुद रोड कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग | 913/18 | 0.016 हें 1800 वर्गफीट | आवासीय |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम बेनबाई | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202106100400361

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती बेनबाई पति भीखमदास निवासी साकेत नगर कुरुद रोड कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग | 913/19 | 0.008 हें 900 वर्गफीट | आवासीय |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कमला बंजारे आ./पति भागवत बंजारे व अन्य निवासी बोरसी बस्ती दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम हनोदा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 24/2 रकबा 0.27 हें भूमि जो कि भागवत बंजारे पिता केजऊ बंजारे के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी भागवत बंजारे पिता स्व. केजऊ बंजारे की मृत्यु 05.04.2021 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशील कुमार जामुलकर पिता स्व. नामदेव जामुलकर निवासी ग्राम शंकरनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1277/128 रकबा 0.009 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिक भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता नामदेव आ. डोमाजी जामुलकर के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 21.09.2016 पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शअरीमती नाजेरा खान पति स्व. मजीउद्दीन अली खान निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 88/113 एवं 88/120 रकबा 0.022, 0.005 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मजीउद्दीन अली खान आ. ए.ए.खान की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

मा.क्र./अ-74/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष पुलिस बल गृह नि. सहकारी समिति अ.जे.पी. उपाध्याय पिता नर्मदा प्रसाद उपाध्याय निवासी हरिनगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 86/1, (198/1), 102/1, 105/1 रकबा 0.081, 0.010, 0.107 हे. भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 16.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नाजेरा खान पति स्व. मजीउद्दीन अली खान निवासी सुभाष नगर मस्जिद के पास तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके पति व अन्य के नाम पर ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 304/2, 334/1 रकबा 0.1320, 0.330 हे. भूमि शामिल खाता में दर्ज है। सहखातेदार मजीउद्दीन की मृत्यु दिनांक 27.04.2021 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 16.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सेवकराम बिसेन पिता जगन्नाथ बिसेन निवासी पंचशील नगर चरोदा ने ग्राम भिलाई 03 प.ह.न. 01 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 303/52 रकबा 0.012 हे. को विक्रय पत्र के आधार पर भूमिस्वामी लक्ष्मण राव हिंगे पिता नामदेव हिंगे का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

जिसकी सुनवाई न्यायालय में दिनांक 23.07.2021 नियत है। अतः जो कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उपरोक्त वर्णित संपत्ति में हित रखते है नियत तिथि को 11.00 बजे या उसके पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से अपनी आपत्ति/ दावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत दावा/ आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2021 को जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री आनंद कुमार साहू आ. स्व. दीनाराम साहू साकिन भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 19/22 रा.नि.मं. दुर्ग-01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 710 रकबा 15260 वर्गफीट को हकत्याग बैनामा के माध्यम से विक्रेता प्रमिला बाई पिता/पति स्व. दीनानाथ से हकत्याग किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16.07.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देवप्रकाश दुबे आ. स्व. नर्मदा प्रसाद दुबे निवासी मिनाक्षी नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम धनोरा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 496/6 रकबा 0.020 हें भूमि जो कि सुनीता दुबे पति देवप्रकाश दुबे के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी सुनीता दुबे आ./पति देवप्रकाश दुबे की मृत्यु 12.04.2021 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री आनंद कुमार साहू पिता स्व. हीनाराम साहू साकिन सुपेला भिलाई के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 250/1, 476/1, 621/1 रकबा 0.145, 0.222, 0.051 हे. भूमि प्रमिला बाई अन्य से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 22.03.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 16.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 28.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21
ग्राम देवरी प.ह.न. 06

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती वीणा दुबे पति अखिल दुबे साकिन देवरी प.ह.न. 06 तहसील धमधा जिला दुर्ग ने ग्राम देवरी में स्थित शामिलात खाते की कृषि भूमि खसरा नंबर 731 रकबा 0.14 हे. भूमि स्वामी स्व.अखिल दुबे का दिनांक 15.04.2021 को मृत्यु हो गया है। जिसका फौती नामांतरण कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि जिस किसी व्यक्ति वाद भूमि का फौती नामांतरण कराने के संबंध में कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 15.07.2021 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री देवेन्द्र कुमार साहू आ. नरोत्तम लाल साहू साकिन ननकट्ठी द्वारा ग्राम ननकट्ठी प.ह.न. 14 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1497/2 रकबा 0.12 हे. जो उसके स्व. नरोत्तम के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का नाम विलोपित किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 09.07.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

मा.क्रं. 202106101000195

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21

कोहका प.ह.न. 00019 हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- श्रीमती प्रिया बनर्जी

अनावेदक पक्षकार-

आवेदिका श्रीमती प्रिया बनर्जी पिता स्व. प्रशांत मजुमदार निवासी जुनवानी रोड भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1964/62 रकबा 0.04 हे. जो आवेदिका के पिता स्व. प्रशांत मजुमदार पिता स्व. सी.एल. मजुमदार अन्य 02 के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। जिसमे से भूमिस्वामी प्रशांत मजुमदार पिता स्व. सी.एल. मजुमदार की मृत्यु दिनांक 28.09.2020 को फौत हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर शेष खातेदारो का नाम यथावत रखे जाने एवं उसके वैध वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज करने हेतु फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

## न्यूज गैलरी

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा के नेटवर्क डीजीएम, ने डॉक्टर्स डे पर डॉक्टरों का किया सम्मान

**रायपुर/नवप्रदेश।** बैंक ऑफ बड़ौदा समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने हेतु विभिन्न श्रेणियों में कार्यरत योद्धाओं का सम्मान करता रहा है. इसी क्रम में बैंक आफ बडौदा के नेटवर्क डीजीएम छत्तीसगढ़ श्री रंजीत कुमार मंडल ने एसएमसी हॉस्पिटल, रायपुर के डॉक्टर श्री चौरसिया का पुष्पगुच्छ से सम्मान करते हुए उनसे औपचारिक भेंट की. बैंक आफ बडौदा , क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के क्षेत्रीय प्रमुख श्री सत्य रंजन महापात्र ने राय चौधरी क्लीनिक में डॉक्टर्स का अभिवादन किया. दोनों कार्यपालकों ने कोविड 19 जैसी गंभीर महामारी दौरान डॉक्टरों द्वारा दिए जा रहे अभूतपूर्व योगदान की सराहना की. इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के उप क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक भारती एवं बैंक ऑफबड़ौदा के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अनेक स्थानों पर बारिश की संभावना

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में रविवार को अनेक स्थानों पर बारिश हुई, वहीं आज भी अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा एवं कहीं-कहीं पर गरज-चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर आकाशीय बिजली भी गिर सकती है इसे लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। इधर राजधानी रायपुर में आज सुबह रूक-रूककर बूंदाबांदी व हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग की मानें तो राजधानी में आज दिनभर बदली छायी रहेगी और रूक-रूककर बूंदाबांदी या हल्की बारिश होगी।

### केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी छत्तीसगढ़ दौरे पर

**रायपुर/नवप्रदेश।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम आज से छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य टीम में क्लीनिकल और पब्लिक हेल्थ के 2 विशेषज्ञ डाक्टर होंगे। इस 2 विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम 5 बिंदुओं के आधार पर जांच रिपोर्ट तैयार करेगी। जिसमें टेस्टिंग, कांटेक्ट ट्रेसिंग, एक्टिव सर्विलांस, कंटेनमेंट जोन, अस्पताल और बिस्तरों की संख्या, डॉक्टर, एंबुलेस समेत टीकाकरण शामिल है। जांच की शुरुआत जांजगीर-चांपा, बिलासपुर से होगी। इसके अलावा प्रदेश के हर संभाग के जिलों में भी टीम जाकर स्थिति की पड़ताल करेगी। आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने 1 जुलाई को एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसके अनुसार देश के 6 राज्यों में कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ का भी नाम था।

### कोरोना संक्रमण की दर एक प्रतिशत से नीचे पहुंची

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए किए गए प्रभावी उपायों से प्रदेश में संक्रमण की स्थिति में लगातार सुधार आ रहा है। आज 4 जुलाई को प्रदेश में संक्रमण की दर गिरकर एक प्रतिशत से नीचे 0.98 प्रतिशत पर पहुंच गई है। राज्य में आज 23 हजार 479 सैंपलों की जांच हुई, जिनमें से मात्र 229 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए। राज्य में कोरोना से होने वाली मौतें भी थम सी गई हैं। आज को-मॉर्बिडिटी से रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा और गरियाबंद जिले में एक-एक मरीज की मौत हुई।

### मासूम बच्चा लापता गुमशुदगी का मामला दर्ज

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी के खमतराई इलाके से एक मासूम बच्चा लापता हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई निवासी पीड़ित 33 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी का भतिजा 9 साल 7 माह 3 दिन घर के पास खेलते समय लापता हो गया है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पीड़ित के भतिजा को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गुमशुदगी का मामला कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

### घर के सामने शराब पीने मना करने पर महिला व उसके बेटे के साथ मारपीट

**रायपुर/नवप्रदेश।** घर के सामने खड़ी ऑटों में बैठकर शराब पी रहे लोगों को मना करने पर आरोपियों ने महिला व उसके बेटे के साथ मारपीट कर ऑटो का सामने का सीसा तोड़ दिया। मामले की रिपोर्ट पुरानीबस्ती थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार अश्वनीनगर पुरानीबस्ती निवासी फुलकली निषाद 40 वर्ष पति राजेश निषाद ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थिया के घर के सामने जगन्नाथ मंदिर के पास खाली मैदान में खड़ी ऑटो में भवानी यादव,देव यादव एवं दीपक यादव शराब पी रहे थे जिसे देख पीड़िता ने वहा शराब पीने से मना किया। इस पर आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए पीड़िता एवं उसके बेटे के साथ मारपीट किया तथा ऑटो का सीसा तोड़ दिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर युवक को मारा चाकू, मामला दर्ज

**रायपुर/नवप्रदेश।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर गाली-गलौच कर चाकू मारकर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ईदगाहभाठा आजाद चौक निवासी सुखी अहमद 23 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 4 जुलाई को रात 10 बजे आरकेसी आजाद चौक के पास अरसद अली 20 वर्ष पिता मंजूर अली ने प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा नहीं देने पर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर जांघ पर चाकू मारकर चोट पहुंचाया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में संस्कृति, पर्यटन विभाग के कार्यों तथा राम वनगमन पर्यटन परिपथ के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के सचिव अंबलगन पी., एमडी छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड यशवंत कुमार उपस्थित थे।

## कोरोना की विषम परिस्थिति में वनवासियों को मिला बड़ा सहाराः वन मंत्री अकबर

- छत्तीसगढ़ में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को दो माह में ही 502 करोड़ रूपए का भुगतान
- चालू वर्ष में 522 करोड़ के 13.05 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहित

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा वनवासियों के हित में लिए गए अहम फैसले के फ्लस्वरूप छत्तीसगढ़ में केवल तेन्दूपत्ता संग्राहकों को दो माह मई-जून में ही 502 करोड़ 49 लाख रूपए का सुगमतापूर्वक भुगतान हो चुका है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि इससे राज्य के आदिवासी-वनवासी सहित तेन्दूपत्ता संग्राहकों को कोरोना संकट की विषम परिस्थिति में भी रोजी-रोटी की कोई समस्या नहीं आयी और उन्हें तेन्दूपत्ता के संग्रहण से बहुत बड़ा सहारा मिला।

राज्य में कोरोना संकट के बावजूद चालू वर्ष के दौरान तेन्दूपत्ता का संग्रहण कार्य सुचारू रूप से संचालित हुआ। इसका सीधा-सीधा लाभ राज्य के लगभग 13 लाख आदिवासी-वनवासी संग्राहक परिवारों को मिला। राज्य में इस दौरान माह जून के अंत तक 13 लाख 5 हजार 797 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है, जो लक्ष्य 16 लाख 71 हजार 700 मानक बोरा का 78 प्रतिशत से अधिक है। प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ संजय शुक्ला ने बताया कि इसमें तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 522 करोड़ रूपए से अधिक की राशि भुगतान योग्य है। राज्य में वर्तमान में तेन्दूपत्ता का संग्रहण दर 4000 रूपए प्रति मानक बोरा निर्धारित है।

राज्य में इस वर्ष वन मंडलवार सबसे अधिक पूर्व भानुप्रतापपुर में 91 हजार 320 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है। इसी तरह बलरामपुर में 90 हजार 540 मानक बोरा, सुकमा में 76 हजार एक मानक बोरा, बीजापुर में 75 हजार 341 मानक बोरा तथा पश्चिम भानुप्रतापपुर में 75 हजार 120 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ है।

इनमें वन वृत्तवार जगदलपुर के अंतर्गत एक लाख 76 हजार 593 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है। इसमें तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 70 करोड़ 64 लाख रूपए की भुगतान योग्य राशि में से अब तक 70 करोड़ 26 लाख रूपए की राशि का भुगतान संग्राहकों को किया जा चुका है।

## महंगाई के विरोध में कांग्रेस का 6 जुलाई से राष्ट्रव्यापी आंदोलन

**रायपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेंस के राष्ट्रव्यापी आउटरीच अभियान के के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में आसमान छूती पेट्रोल-डीजल और सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती मंहगाई के खिलाफ राज्य स्तर जिला और ब्लाक स्तर पर आंदोलन का पहला चरण में प्रदेश के सभी 307 ब्लाकों में प्रदेश व्यापी हस्ताक्षर अभियान चला कर किया जायेगा। मंहगाई के विरोध में 6 जुलाई मंगलवार को थाली, बर्तन पीट-पीटकर विरोध दर्ज करते हुये मंहगाई और पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि पर रोक लगाने और कई गुना बढ़ चुके केन्द्रीयउत्पादन शुल्क को कम करने की मांग की जायेगी। इस दौरान मंहगाई के विरोध में पाम्पलेट, पोस्टर एवं प्ले-कार्ड के साथ स्थानीय स्तर पर पेट्रोल पम्पों में आमजनता की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करते हुये हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। 14 जुलाई को जिलास्तरीय पर मंहगाई के विरोध सायकल यात्रा निकाली जायेगी। 17 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में राजधानी रायपुर में पैदल मार्च कर महंगाई व ईंधनों की कीमतों में की गयी वृद्धि के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया।

### नहर निर्माण के लिए 6.68 करोड़ रूपए की स्वीकृति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा दुर्ग जिले के धमधा विकासखण्ड स्थित अकोली जलाशय के जीर्णोद्धार एवं नहर निर्माण के लिए 6 करोड़ 68 लाख 78 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार रायपुर को प्रदान की गई है। इस जलाशय के जीर्णोद्धार एवं नगर लाईनिंग का कार्य पूरा होने से इसकी रूपांकित सिंचाई में 570 हेक्टेयर की कमी को पूरा करने के साथ ही बचत जल से 67 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र सहित कुल 757 हेक्टेयर से सिंचाई हो सकेगी।

## आज वन होम, वन ट्री महाभियान, सभी घरों में लोग लगाएंगे पौधा

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर महोदय दुर्ग के निर्देशानुसार श्री श्रृतुराज रघुवंशी आयुक्त नगर निगम भिलाई ने कहा कि पौधरोपण के इस महाभियान को जनभागीदारी से बनाएं सफ्ल । पिछले साल की तरह इस साल भी भिलाई में वन होम वन ट्री महाभियान चलाया जा रहा है। पौधरोपण का यह सबसे बड़ा कैंपेन 6 जुलाई को होगा। इस अवसर पर सभी घरों में, शासकीय कार्यालयों में, सार्वजनिक स्थलों में पौधे रोपे जाएंगे। इस संबंध में आयुक्त महोदय ने अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि पिछले साल लोगों ने स्वतःस्फूर्त होकर पौधे लगाए थे। इसमें काफी संख्या में पौधे इस बार भी बचे हैं। इस बार भी हरियाली को सहेजने के लिए यह बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। आम जनता की बड़ी संख्या में भागीदारी से ही इतना बड़ा अभियान सफ्ल हो सकता है अतएव लोगों के बीच जाएं और उनसे पौधे लगाने का आग्रह करें। आयुक्त ने कहा कि पौधों को रोपने के साथ ही इन्हें सहेजने के संबंध में भी लोगों को प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी यह अभियान चलाया गया था और इनमें नागरिकों ने अपने घरों में भी पौधे लगाए। जो पौधे बच नहीं पाए, उनकी जगह पर दूसरे पौधे-आयुक्त ने कहा कि अधिकांश पौधों की अच्छी वृद्धि हुई है लेकिन कुछ ऐसे पौधे भी होंगे जिन्हें बचाया नहीं जा सका होगा। ऐसे पौधों की जगह पर इस बार भी पौधा लगाएं। गुलमोहर, चंपा, कदंब के पौधों से रास्ते गुलजार होते हैं। इन्हें भी लगाएं। पौधे लगाने का सही तरीका भी बताया जाएगा वीडियो से-आयुक्त ने कहा कि कभी-कभी पौधे लगाने का सही तरीका मालूम नहीं होने की वजह से भी पौधे जीवित नहीं रह पाते।

### बुलेट सवार ने बाईक को मारी ठोकर

**रायपुर/नवप्रदेश।** तेज रफ्तार बुलेट की ठोकर से मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो जाने पर ठीक से चलाने कहने पर बुलेट चालक ने बाईक सवार की पिटाई कर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पुरानीबस्ती थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषी चौक कुशालपुर निवासी पिकेश कुमार दुबे 39 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 4 जुलाई को रात 9 बजे वह अपनी बाईक से जा रहा था तभी टूरीहटरी चौक के पास तेज रफ्तार बुलेट क्रमांक सीजी 04 एम 2109 का चालक ने लापरवाही पूर्वक बाईक चलाते हुए पीड़ित की बाईक को पीछे से ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस पर बुलेट सवार को ठीक से गाड़ी चलाने कहने पर वह पीड़ित के साथ गाली-गलौचकर मारपीट कर चोट पहुंचाया।

## भाजपा राज्य के किसान हितों के खिलाफ बात कर रही

- केंद्र खातू की आपूर्ति नहीं कर रहा भाजपाई चाटुकारिता में बचाव कर रहे

**रायपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस ने कहा कि रमन सिंह मोदी सरकार के छत्तीसगढ़ विरोधी कारनामे पर पर्दा डालने खाद को लेकर गलत बयानी कर रहे है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार राज्य के किसानों की आवश्यकता के अनुरूप खाद की आपूर्ति नही कर रही। रमन सिंह मोदी सरकार से राज्य में खातू की आपूर्ति करने की मांग करने के बजाय केंद्र की पैरोकारी कर रहे। रमन के लिए राज्य के किसानों के हितों से बढ़कर अपना खुद का हित है खुद के नम्बर मोदी के दरबार मे कम न होने पाए इसलिए वे मोदी सरकार के द्वारा राज्य में पर्याय रसायनिक खाद की आपूर्ति नही करने का भी बचाव कर रहे हैं। कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र से खरीफ के लिए लगभग 11 लाख मीट्रिक टन विभिन्न रासायनिक खादों को राज्य को आपूर्ति करने की मांग की थी, जिसकी केंद्र सरकार ने स्वीकृति भी दिया था। केंद्र ने राज्य को खाद देने का जो पैमाना निर्धारित किया उसके अनुसार राज्य को जून महीने में मिलने वाली खाद का लगभग आधा मात्र 57 प्रतिशत ही दिया। छत्तीसगढ़ में धान एवं अन्य खरीफ फसलों की बोवाई का काम जून में शुरू हो जाता है। जून में राज्य में रासायनिक खादों की मांग अधिक रहती है। जून और जुलाई के शुरू में केंद्र द्वारा राज्य के कोटे की आपूर्ति न होने से राज्य में खातू का संकट पैदा हो गया। इस संकट के लिए मोदी सरकार का छत्तीसगढ़ विरोधी रवैय्या जिम्मेदार है। एक ओर जहां छत्तीसगढ़ को उसके लिए निर्धारित कोटे का आधा उर्वरक दिया गया वही भाजपा शाषित यूपी मध्यप्रदेश, गुजरात जैसे राज्यों को उनके लिए निर्धारित कोटे के 95 प्रतिशत तक उर्वरक दिया गया। छत्तीसगढ़ के अधिसंख्यक किसान सिर्फधान की खेती करते है यहां पर उर्वरक की कमी होने पर किसानों परेशानी में है जबकि जिन राज्यो में किसान बहुफसली खेती करते है उनके खरीफके खातू में कटौती की भरपाई बाद में हो सकती है लेकिन मोदी सरकार ने राजनैतिक कारणों से उन राज्यो की आपूर्ति नहीं रोका लेकिन छत्तीसगढ़ की आपूर्ति कम कर दिया।

कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसद अपनी चुप्पी कब तोड़ेंगे। राज्य के साथ लगातार केंद्र सरकार अन्याय कर रही भाजपा के सांसद गूंगे बने हुए। राज्य की जनता ने उन्हें क्या सिर्फ वेतन भत्ते और सांसदी के रुतबे के लिए चुन कर दिल्ली भेजा है।

## मुख्यमंत्री से ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने की सौजन्य मुलाकात

- टोक्यो ओलंपिक में शामिल होने मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण
- मुख्यमंत्री ने भारतीय दल के सभी खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने सौजन्य मुलाकात की। मेहता ने टोक्यो, जापान में 23 जुलाई से 08 अगस्त के बीच होने जा रहे 32वें ओलम्पिक खेलों में बतौर भारतीय ओलंपिक संघ के डिगनैट्री शामिल होने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आमंत्रण पत्र दिया। मुख्यमंत्री बघेल ने टोक्यो ओलंपिक में शामिल होने का न्योता सहर्ष स्वीकार किया और 32वें ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकानाएं देते हुए आशा जताई कि हमारे खिलाड़ी पूरे जोश से हिस्सा लेते हुए ओलंपिक खेलों में भारत का झंडा गाड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा करेंगे। मेहता ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में खेल गतिविधियों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में कई महत्वपूर्ण खेल आयोजित होंगे। गुरचरण सिंह होरा ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ में खेलों के विकास से जुड़े यूनियन क्लब की नई कार्यकारिणी के निर्वाचन के सम्बंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री बघेल ने यूनियन क्लब की नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष होरा सहित सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**जागरुकता** | तालाब गहरीकरण के बाद निस्तारी के साथ ही सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी

# मनरेगा ने तैराकी की पाठशाला को किया पुनर्जीवित

**रायपुर/नवप्रदेश।** शारीरिक तंदुरूस्ती के लिए तैराकी को सबसे अच्छे व्यायामों में से एक माना जाता रहा है। इससे एक ओर जहां शरीर में स्फूर्ति आती है, तो वहीं दूसरी ओर निरंतर अभ्यास से हड्डियां भी मजबूत बनती हैं। गांवों में बच्चे और बड़े पहले तालाबों, पोखरों, नदी-नहरों में तैराकी और जल-क्रीड़ा करते थे। लेकिन तालाबों की अनदेखी और उनके गंदगी से पटने के कारण बच्चों-बड़ों की ये गतिविधि सिमटते गई। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) से रोजगार के साथ ही तालाबों के संरक्षण और पुनर्जीवन के काम भी हो रहे हैं। इसके माध्यम से नए तालाबों की खुदाई तथा पुराने तालाबों की साफ-सफाई, गहरीकरण और गाद निकासी के बाद वर्षा जल के भराव से ये जल-क्रीड़ा और तैराकी जैसी गतिविधियों की पाठशाला बन गए हैं। यहां अब बच्चे पहले की तरह बड़ों के मार्गदर्शन में तैराकी का हुनर सीख रहे हैं।

जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर बोकरामुड़ा गांव के तालाब को मनरेगा से नया जीवन मिला है। अब वापस तैराकी की पाठशाला बन चुका बलौदा विकासखंड के इस गांव का तालाब गंदगी और गाद से लगभग पट चुका था। इस साल की गर्मी में यह करीब-करीब सूख ही गया था। कभी गांव में निस्तारी, खेती-किसानी और बच्चों की जल-क्रीड़ा का केन्द्र रहे इस तालाब की हालत ने गांववालों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी थीं। सरपंच श्री जगजीवन ने ग्रामीणों के साथ मिलकर इसका समाधान निकाला और ग्रामसभा में इसके गहरीकरण का प्रस्ताव स्वीकृत कराकर इस साल फरवरी में काम शुरू करवाया। मनरेगा श्रमिकों की तीन महीनों की मेहनत से अप्रैल-2021 में तालाब के गहरीकरण व पचरी निर्माण का काम पूरा होने के बाद अब यह अपने पुराने समृद्ध स्वरुप में नजर आने लगा है। लॉक-डाउन के बीच मार्च-अप्रैल में मनरेगा के अंतर्गत तालाब गहरीकरण का काम चला। इसमें गांव के 155 परिवारों को 4232 मानव दिवसों का सीधा रोजगार प्राप्त हुआ। इसके एवज में ग्रामीणों को सात लाख 52 हजार रूपए की मजदूरी का भुगतान किया गया।

### तैराकी के प्रति रुझान बढ़ा, निस्तारी के साथ खेती के लिए मिला पानी

बोकरामुड़ा के इस तालाब में जल-क्रीड़ा करने आने वाले बच्चे आयुष, आर्यन, ध्रुव, सुरेन्द्र और साहिल कहते हैं कि गहरीकरण के पहले यह इतना स्वच्छ एवं सुंदर नहीं था। अब तालाब का पानी साफसुथरा हो गया है। हमें यहां रोज तैराकी करने में बहुत मजा आता है। किसान श्री सुकदेव रजक, श्री नाथूराम रजक, श्री संतोष दास, श्री मोहनलाल एवं श्री रामाधार बताते हैं कि तालाब के गहरीकरण के बाद अब गांव में निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है। तालाब में बारिश का पानी भरने लगा है। इससे खेती के लिए पानी मिलेगा और आसपास के जलस्रोतों का भूजल स्तर भी बढ़ेगा।

## संपादकीय

# शिवसेना और भाजपा के बदले सुर

महाराष्ट्र में 25 सालों तक भाजपा और शिवसेना में गठबंधन कायम था। पिछले विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता संघर्ष के चलते उनके गठबंधन में दरार पड़ गई। शिवसेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री बनने की जिद पकड़ ली और इसे लेकर इन दोनों दलों के बीच मतभेद इस कदर गहराए कि शिवसेना ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस के साथ मिलकर महाअघाड़ी सरकार बना ली। इसके बाद से दोनों दलों के बीच दूरियां लगातार बढ़ती रही और शिवसेना नेता भाजपा को कोसते रहे तो भाजपा नेताओं ने भी शिवसेना पर हमले करने में कोई कसर नहीं बाकी नहीं छोड़ी। इस बीच उद्धव ठाकरे की गठबंधन सरकार में ही मतभेद उभरने लगे। अब शिवसेना ने अपना सुर बदल लिया है, वहीं भाजपा ने भी शिवसेना के प्रति नरम रूख अपना लिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की हालही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हुई बैठक के बाद से महाराष्ट्र की राजनीति में बदलाव की बयार बहने के संकेत मिलने लगे है। इसका प्रमाण उस समय सामने आया जब महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता देवेन्द्र फड़नवीस ने यह बयान दिया कि हमारे और शिवसेना के बीच कुछ मतभेद जरूर है मगर हम दुश्मन नहीं है। इसके बाद शिवसेना नेता संजय राउत ने बयान दिया है कि हम भारत और पाकिस्तान नहीं है हमें आमीर खान और किरण राव की तरह देखिए। हमारे राजनीतिक रास्ते अलग जरूर है लेकिन हमारी दोस्ती बरकरार है। भाजपा और शिवसेना नेताओं के इन बयानों के बाद से महाराष्ट्र में यह कयास लगाए जा रहे है कि इन दोनों दलों के बीच जरूर कोई खिचड़ी पक रही है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस और राकांपा के साथ शिवसेना के मतभेद लगातार सामने आ रहे है। ऐसी स्थिति में कोई बड़ी बात नहीं कि शिवसेना और भाजपा के बीच फिर एक बार गठबंधन बन जाएं। हालांकि इस बारे में अभी तक न तो भाजपा ने कोई साफ संकेत दिया है और न ही शिवसेना ने ऐसी किसी संभावना की तरफ इशारा किया है लेकिन भाजपा और शिवसेना के बीच जिस तरह से नजदीकियां बढ़ रहीं है और उनके सुर बदल रहे है उसे देखते हुए कुछ भी हो सकता है। वैसे भी राजनीति में न तो कोई स्थाई दुश्मन होता है और न ही स्थाई दोस्त होता है। महाराष्ट्र में यदि एक बार फिर पुरानी जोड़ी सामने आए तो कोई हैरत नहीं होगी।

विष्णुगुप्त

# आईएसआई ने बिहार में फैलाया खतरनाक नेटवर्क

बम विस्फोट के दिन से ही पुलिस इस घटना पर उदासीनता ही नहीं पसारी बल्कि पर्दा डालने का काम करती रहीं। पर जब इस बम विस्फोट की घटना काफी चर्चित हुई तब पुलिस थोड़ी सक्रिय हुई। पर नतीजा कुछ भी नहीं निकला। मस्जिद-मदरसे में हुई बम विस्फोट घटना को एक तरह से दबा ही दिया गया। अगर बिहार सरकार इस घटना की जांच एनआईए से कराती तो फिर अपराधी और देश विरोधी साजिश में लगे मुस्लिम आतंकवादियों की गर्दन मरोडी जा सकती थी। बिहार की राजनीति पश्चिम बंगाल की तरह ही मुस्लिम पक्षी है। सिर्फलालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद की ही बात नहीं है। नीतीश कुमार भी घोर मुस्लिमवादी है। नीतीश कुमार अपनी सत्ता के लिए लालू की तरह ही मुस्लिम कट्टरपंथियों को पाला पोशा और संरक्षण दिया है। नीतीश कुमार को वह बयान कौन भूल सकता था जिसमें उन्होंने एक आतंकवादी को बिहार की बेटी कहा था। एक आतंकवादी को बिहार की बेटी कहने पर काफी तकरार हुआ था पर नीतीश कुमार पर कोई फर्क नहीं पडा।

बिहार में खतरनाक तौर पर बढती मुस्लिम हिंसक घटनाओं पर राजनीतिक संज्ञान लेने की जरूरत है। हाल के दिनों में कोई एक नहीं बल्कि कई ऐसी खतरनाक हिंसक घटनाएं घटी हैं जिसके निष्कर्ष बहुत ही राष्ट्रविरोधी है, हिंसक हैं और पाकिस्तान की बदनाम हिंसक गुप्तचर एजेंसी आईएसआई के बढते और खतरनाक होते नेटवर्क को प्रमाणित करती हैं। हालांकि इन सभी हिंसक घटनाओं पर राजनीति गर्म होनी चाहिए थी, इन सभी हिंसक घटनाओं पर राजनीति को कडक होने की जरूरत थी, बडे पैमाने पर विचार विमर्श करने की जरूरत थी और राष्ट्रविरोधी तत्वों को संदेश देने की जरूरत थी कि तुम्हारी ये हिंसक राजनीतिक प्रक्रियाएं अस्वीकार है और इसके खिलाफ राजनीतिक कानूनी प्रक्रियाएं भी तेज होंगी।

पर हमेशा की तरह राजनीति उदासीन रही, राजनीति सिर्फ उदासीन ही नहीं रही बल्कि राजनीति ने कानून की वीरता पर भी पानी डालने का काम किया है। कोई आज नहीं बल्कि लंबे समय से बिहार में आईएसआई की दिलचस्पी रही है, आईएसआई का खतरनाक नेटवर्क रहा है, आईएसआई ने बिहार में अपने मोहरे और गुर्गे पाल रखे हैं जिनका काम बिहार में मुस्लिम आतंकवाद को फैलाना, मुस्लिम बहुलता वाले जिलों और अन्य क्षेत्रों से हिन्दुओं को खदेड़ना तथा उनका धर्म परिवर्तन कराना है। बिहार की मुस्लिम बहुलता वाले क्षेत्रों में कैसे-कैसे मुस्लिम गुंडे और अपराधी निकलते हैं जो न केवल बिहार के अंदर ही बल्कि देश के स्तर पर भी कुख्यात रहे हैं, यह भी जगजाहिर है।

मुस्लिम कट्टरता से जुड़ी इन घटनाओं को देखिये फिर आपको भी पता चल जायेगा कि बिहार में पाकिस्तान और आईएसआई किस प्रकार से हिंसक तौर पर सक्रिय है और हिंसा फैला रहा है तथा बिहार की सत्ता पाकिस्तान और आईएसआई की गतिविधियों को रोकने, राष्ट्रविरोधी मोहरों व गुर्गो को कानून का पाठ पढाने के लिए तैयार ही नहीं है। पहली मुस्लिम हिंसक घटना पूर्णिया जिले की है। पुर्णिया जिले के मझुवा गांव में गत 19 मई को मुसलमानों की एक बर्बर और हिंसक भीड़ हमला कर देती है, मुस्लिमों के इस हमले में दलितों के 50 से अधिक घरों को जला कर राख कर दिया जाता है, दर्जनों दलित महिलाओं को पीट-पीट कर अधमरा कर दिया जाता है, बच्चों

को भी मार-मार कर घायल कर दिया जाता है, एक दलित की सरेआम हत्या कर दी जाती है। मुस्लिम हमले में दलितों की पूरी बस्ती को आग के हवाले कर स्वाहा कर दिया जाता है, बस्ती से दलितों को खदेड़ दिया जाता है।

दलितों को पूरी बस्ती को आग लगा कर स्वाहा कर देने और एक दलि की हत्या कर देने कीयह घटना कोई छोटी घटना नहीं थी। एक दलित की बर्बर हत्या, दलितों के 50 से अधिक घरों को जला कर राख कर दिया जाना, दर्जनों दलित महिलाओं को मार मार कर घायल कर देना आदि एक बडी घटना थी। थोडे देर के लिए जरा यह सोचिये कि अगर ऐसी घटनाएं मुस्लिम आबादी के साथ घटती तो क्या होता? बिहार सरकार और भारत सरकार, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट किस प्रकार से लालपीला होती, देश के मीडिया में किस प्रकार से आग लगती, देश के तमाम बुद्धिजीवी किस प्रकार से आग उगलते, कम्युनिस्ट किस प्रकार से नाचते-नाचते दिल्ली से पूर्णिया के मझुवा गांव पहुंच जाते। पाकिस्तान अरब की मुस्लिम मीडिया किस प्रकार से अपना एजेंडा तय करता है और हिंसक सक्रियता दिखाता, संयुक्त राष्ट्रसंघ सहित दुनिया की सभी मानवाधिकार संगठन भारत के खिलाफ आग उगलते और भारत को एक खतरनाक देश घोषित करते, भारत को मुस्लिम आबादी की सुरक्षा प्रदान करने की नसीहत भी देते, इसका अंदाजा आप लगा देते। पर दुर्भाग्य यह है कि मुस्लिम हमले में पीड़ित होने वाले अपना सबकुछ गंवाने वाले लोग हिन्दू थे। इसलिए इनकी आवाज किसी ने नहीं सुनी, बिहार, सरकार, भारत सरकार, कोर्ट और दुनिया को नियंत्रित करने वाले संगठन खामोश रहे। नीतीष कुमार की सरकार की कारस्तानी भी बहुत खतरनाक है। जहां मुस्लिम भीड़ पर कडी कार्रवाई और पीड़ित दलितों को न्याय दिलाने की उम्मीद थी वही नीतीश कुमार की सरकार मुस्लिम बर्बर भीड पर कडी कानूनी कार्यवाही करने की जिम्मेदारी नहीं निभायी। सैकड़ों दलित अभी-भी न्याय के लिए दर दर की ठोकरें खाने के लिए विवश हैं, उन्हें न तो न्याय मिल रहा है और न ही उचित मुआबजा मिल रहा है।

इधर कुछ दिनों के अंदर ही बिहार में बम विस्फोट की कई घटनाएं घटी हैं। ये बम विस्फोट की घटनाएं कोई साधारण नहीं थी बल्कि ये बम विस्फोट की घटनाएं काफी खतरनाक थी और इसकी सुई पाकिस्तान, बांग्लादेश और अरब तक घूमती है। ऐसी चार बम विस्फोट की घटनाएं घटी है। दरभंगा के रेलवे स्टेशन पर कई बम विस्फोट हुए। दरभंगा रेलवे स्टेशन पर बम विस्फोट की घटना काफी खतरनाक थी और देश की सुरक्षा एजेसियों की नींद उडाने वाली थी। अगर ऐसी घटना रेलवे स्टेशन से बाहर होती तो फिर उस घटना को बिहार सरकार दबा देती, उस पर पर्दा डाल देती। चूंकि बम विस्फोट की घटना रेलवे स्टेशन पर हुई थी, इसलिए केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों की नींद हराम हुई। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने भी सक्रियता दिखायी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने दरभंगा रेलवे स्टेशन पर हुई बम विस्फोट की घटना की जांच एनआईए को कराने के लिए कह दिया। एनआईए ने जब जांच शुरू की तब देश की सुरक्षा के प्रति कितनी बडी साजिश रची गयी थी, कितने बड़े हिंसक नरसंहार करने की साजिश चल रही थी, दुश्मन देश के मोहरे और गुर्गे कहा-कहां सक्रिय व हिंसक थे, इसकी जानकारी मिली। एनआईए ने उत्तर प्रदेश के कैराना से कई लोगों को गिरफ्तार किया। उत्तर प्रदेश का कैराना वही शहर है जहां से हिन्दुओं को अपराध और हिंसा के बल पर पलायन करने के लिए मजबूर किया गया। कैराना में हिन्दुओं की पलायन की घटना कभी राष्ट्रीय सुर्खियां बनी थी। कैराना और बिहार से गिरफ्तार मुस्लिम आतंकवादियों की गिरफ्तारी से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार बिहार मे गोधरा जैसी घटना को अंजाम देना था। पकडे गये मुस्लिम आतंकवादी आईएसआई के संपर्क में थे। बिहार के बांका जिले में एक मस्जिद और मदरसे में हुई बम विस्फोट की घटना में कई लोग घायल हुए और मुख्य आरोपी मौलवी खुद मारा गया। यह बम विस्फोट इतना घातक था कि मस्जिद और मदरसे की छत उड़ गयी थी। कहा यह जाता है कि मस्जिद और मदरसे में बम बनाने और हिंसा का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। आईएसआई की गुर्गे मुस्लिम युवकों को मस्जिद और मदरसे में बम विस्फोट और अन्य हिंसक घटनाओं को अंजाम देने के लिए प्रशिक्षण देते थे।

## विचार

# एक पार्टी जो खुद में मुल्क भी है

जब दुनिया में कोई कहता है भारत, तो उस भारत का अर्थ एक भूगोल होता है, एक संस्कृति होती है, उसका इतिहास, उसका वर्तमान होता है, या इसे और भी कई तरह से सोचा जा सकता है। भारत का अर्थ इस देश पर शासन कर रही भारतीय जनता पार्टी, या लंबे समय तक यहां शासन कर चुकी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी नहीं होता। एक बार, आपातकाल के दौरान, देवकांत बरुआ ने कह दिया था कि इंदिरा गांधी भारत हैं और भारत इंदिरा गांधी, तो अगले ही आम चुनाव में इस देश के लोगों ने उन्हें इस गलती का सबक भी दे दिया था। भारत के उलट दुनिया में जब भी कोई कहता है चीन, तो इसके दूसरे तमाम अर्थों के साथ एक सबसे बड़ा अर्थ होता है, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ही वह सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक वायुमंडल है, जिसमें इस विशाल देश के लोग सांस लेते हैं। उनकी नियति भी यही पार्टी तय करती है। चीन का जो कुछ भी है, वह इस कम्युनिस्ट पार्टी से ही बाकी दुनिया में अभिव्यक्त होता है। सुबह से शाम तक चीन में बने उत्पादों और गैजेट्स के बीच अपनी पूरी दिनचर्या गुजारने के बावजूद चीन के बारे में हम उतना ही जान पाते हैं, जितना कि वहां की कम्युनिस्ट पार्टी हमें बताना चाहती है। आधुनिक चीन के जितने भी किस्से-कहानियां हमारे पास हैं, वे या तो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के जरिये हमारे पास पहुंचे हैं या फिर पश्चिम के उन देशों में लगे नैरेटिव बनाने वाले कारखानों में ढाले गए हैं, जिनकी चीन से आपत्ति सिर्फइतनी है कि दुनिया का इतना बड़ा और इतना महत्वपूर्ण भूगोल सिर्फएक कम्युनिस्ट पार्टी में कैसे बदल गया? चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सौ साल का इतिहास दरअसल, एक देश के राजनीतिक दल में बदल जाने, या एक पार्टी के एक राष्ट्र में बदल जाने का इतिहास है। ऐसी कोशिशें दुनिया में कई और देशों में हुईं। सोवियत संघ में हुईं, पूर्वी जर्मनी में हुईं, पोलैंड में हुईं, अल्बानिया, रोमानिया, चेकोस्लोवाकिया जैसे देशों में हुईं, लेकिन कहीं भी वे ऐसा और इतना लंबा सफर तय नहीं कर सकीं, जितना कि उन्होंने चीन में किया। बाकी सभी जगह लोगों की आजादी की चाहत और पश्चिम की हवाओं ने कम्युनिज्म के किले ध्वस्त कर दिए। तब यह लग रहा था कि साम्यवाद के एकदलीय सपने की अंतिम नियति हर जगह यही है। लेकिन चीन इस धारणा के सामने अपवाद बनकर खड़ा हो गया। और यह अपवाद उस धारणा से ज्यादा बड़ा हो गया। यह सिर्फइस अकेली धारणा की बात नहीं है। पिछली सदी की जितनी भी राजनीतिक और सामाजिक धारणाएं थीं, जितने भी इतिहास बोध थे, लोकतंत्र के जितने भी दर्शन और शास्त्र थे, जितनी भी प्रज्ञाएं थीं, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के किले के सामने सब हथियार डाल चुकी हैं। यह बात अक्सर कही जाती है कि चीन आज दुनिया की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा है, लेकिन शायद इससे बड़ा सच यह है कि पिछली डेढ़-दो सदी में पश्चिम की दुनिया ने आचार, विचार और व्यवहार के जितने पोथे तैयार किए थे।

रमेश सर्राफ

# महंगाई की मार से बेहाल हैं लोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि मैं दिन-रात देश की जनता की उन्नति की बातें सोचता हूं व करने का प्रयास करता हूं। मगर ना जाने वह मौजूदा स्थिति से क्यों अनजान बने हुए हैं। देश का आम आदमी, गरीब, मजदूर, किसान वर्ग को ऐसा कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है जिससे आगे चलकर वह अपनी कोरोना आने से पहले की जिंदगी बसर कर सके। गांव में तो स्थिति और भी खराब हो रही है। कोरोना के कारण शहरों से पलायन कर अपने गांव आए हुए लोगों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो रहा है। चूंकि गांव से शहर वही लोग गए थे जिनके समक्ष गांव में रोजी रोटी का संकट था। अब लॉकडाउन में वो लोग फिर से अपने गांव आने को मजबूर हुए हैं। जहां उनके पास रोजगार का कोई साधन नहीं होने से वह बदतर जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं।

केंद्र सरकार ने हाल ही में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी करके महंगाई से बेहाल देश की जनता को एक और झटका दिया है। पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतो से देश का आम जन पहले से ही पूरी तरह पिसा हुआ है। ऊपर से घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी करना आम आदमी के लिए बहुत ही दुखदाई होगी। देश में आज पेट्रोल और डीजल एक सौ रुपए से अधिक प्रति लीटर की दर पर बिक रहे हैं। ऐसे में रसोई गैस की कीमत बढ़ाना बहुत बरा फैसला है। पिछले चैदह महिनो से लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर की सब्सिडी मिलना भी बंद है।

पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी के बाबत पिछले दिनों पेट्रोलियम एवं गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक बयान भी दिया था कि कोरोना संकट के दौरान पेट्रोलियम पदार्थों के दामों को कम करना मुनासिब नहीं है। प्रधान का यह बयान उन मतदाताओं के साथ सरासर अन्याय है। जिन्होंने भाजपा को गरीबों की हितैषी पार्टी मानकर लगातार दो बार भारी बहुमत से केंद्र में सरकार बनाने का समर्थन दिया था। देश की जनता पिछले सवा साल से लगातार कोरोना संक्रमण को झेल रही है। इस दौरान अधिकांश समय देश में लाकडाउन लगने से लोगों को घरों में ही रहना पड़ा है। ऐसे में काम धंधे बंद होने से आम आदमी के रोजगार के अवसर समाप्त होने से उनके आय के स्त्रोत बंद हो गये। जिससे आम आदमी की कमर टूट चुकी है। दिनों दिन बढ़ती महंगाई और लगातार कम होते काम के अवसर ने देश की जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोलियम पदार्थों के अलावा खाद्य पदार्थों की कीमतो में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। खाने का तेल दुगुनी दर पर बिक रहा है। कोरोना महामारी के दौरान केंद्र सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों पर कस्टम एंड एक्साइज ड्यूटी से खूब कमाई हुई है। सरकार को अप्रत्यक्ष कर से आने वाला राजस्व बढ़कर 4.51 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वित्तीय वर्ष 20-21 में पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर 37 हजार 806.96 करोड़ रुपए कस्टम ड्यूटी वसूली गई। वहीं देश में इनके उत्पाद पर सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी से 4.13 लाख करोड़ रुपए की कमाई हुई। 2019-20 में पेट्रोलियम पदार्थों के आयात पर सरकार को कस्टम ड्यूटी के रूप में 46 हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिला था। वहीं देश में इनके उत्पाद पर सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी से 2.42 लाख करोड़ रुपए की वसूली हुई। अब अगर दोनों तरह की टैक्स वसूली को देखें तो सरकारी खजाने में 2019-20 में कुल 2.88 लाख करोड़ रुपए जमा हुए। महंगे पेट्रोल-डीजल से केवल आम आदमी ही नहीं बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की हालत बिगड़ गई है। जो पहले से ही कोरोना महामारी की मार झेल रही है। केन्द्र सरकार को तत्काल पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाकर लोगों को महंगाई से राहत देनी चाहिये। केन्द्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक कोरोना संक्रमण के बावजूद भी सरकार का कर संग्रहण लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार के नुमाइंदों का कहना है कि देश की जनता को कोरोना वैक्सीन के टीके मुफ्त में लगाए जा रहे हैं। जिन पर होने वाले खर्च की भरपाई के लिए सरकार को टैक्स में बढ़ोतरी करनी पड़ रही है। मगर सरकारी सूत्रों के अनुसार ही देश के लोगों के टीकाकरण पर अधिकतम 40 हजार करोड रुपए खर्च होंगे। जबकि सरकार ने कोरोना संक्रमण के बाद बढ़ाए गए टैक्स से कई लाख करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण किया है।

केन्द्र सरकार ने पहले 20 लाख करोड़ का तथा गत दिनो सात लाख करोड़ रूपयों के राहत पैकेज की घोषणा की थी। मगर सरकार की इन घोषणाओं का भी आम आदमी को विशेष लाभ नहीं मिल पा रहा है। पैसों के अभाव में लोगों से बिजली के बिल जमा नहीं हो पा रहे हैं। जिन्होंने बैंकों से लोन ले रखा है उनकी किस्तों की भरपाई नहीं हो पा रही है। ऊपर से निजी स्कूल वाले भी बिना पढ़ाई बच्चों से जबरन फीस वसूल रहे हैं। जो गरीबों पर सीधा कुठाराघात है। कोरोना संक्रमण के दौरान बीमार हुए लोगों को उपचार पर बहुत अधिक पैसा खर्च करना पड़ा है। जिसकी भरपाई का लोगों को कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। लोग कर्ज में डूबे हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद कोरोना से मरने वाले लोगों को सरकारी स्तर पर कुछ मुआवजा मिलने की संभावनाएं बनी है। मगर अधिकांश लोगों की मृत्यु प्रमाण पत्र पर कोरोना से मौत होना दर्ज ही नहीं किया गया है। ऐसे में उन लोगों को मुआवजा मिलने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। यदि केन्द्र सरकार चाहे चाहे तो अस्पतालों को निर्देशित कर सकती है कि कोरोना संक्रमण के दौरान जिनकी वास्तव में कोरोना से मौत हुई है।

## पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### अब तो तुम भी ये

अब तो तुम भी ये जान करते हो बात क्या है गुमान करते हो प्यार थोड़ा तो कर लिया होता सिर्फ़ नख़रे ही जान करते हो किस लिए दूरियाँ बढ़ाई हैं तुम जो इतना ही मान करते हो नफ़रतें छोड़ क्यूँ नहीं देते क्यूँ इन्हें अपनी शान करते हो लब बयां इश्क़ तो नहीं करते क्या नज़र से बयान करते हो।

– मित्र ग़ाज़ियाबादी

### मेरी स्वतंत्रता से

मेरी स्वतंत्रता से भली उस पंछी की आजादी... मेरी जान से भली उस पंछी की उड़ान ... मेरी जान से भली उस पंछी की नन्ही सी जान... मेरे मकान से भला उस पंछी का घरौंदा... मेरी निद्रावस्था सेभली उस पंछी की जाग्रत अवस्था... जिसके चहचहाने पर मैंने निद्रा तोड़ी!

– वंदनागोपाल शर्मा

### ख़ास पाती | आज भी गर उसे सोचा जाए

आज भी गर उसे सोचा जाए दिल ये इक बार तो पगला जाए इक जगह टिक के न बैठा जाए दिल परिन्दा है जो उड़ता जाए आब ही आब नज़र आएगा सहरा गर दूर से देखा जाए फ़ुर्सतों में भी न याद आई उसे इसका क्या अर्थ निकाला जाए दर्मियां अपने नहीं था कुछ भी आख़िरी सच यही माना जाए ज़ीस्त इक भूल भुलैया है और रहनुमा भी हमें भटका जाए चाँद रुख़्सत हो चुका है कब का यार अब तो चलो सोया जाए एक इस इश्क़ के पीछे आख़िर और कितना यूँ ही भागा जाए रंग तो घर का बदल देंगे 'सुमन ' संग-ए-बुनियाद न बदला जाए। – चित्रा भारद्वाज 'सुमन'

### आओ हम भी उसी साहिल को



आओ हम भी उसी साहिल को चलें सिन्दूरी शामें, ये जहां साँझ ढले , उतार कर अपना सुरमई घूंघट - शामें !अनसुना गीत गुनगुनातीं हैं ! भीनी -भीनी हवा , गातीं हैं दुआ , ज़िन्दगी ने जैसे पास आके छुआ , छूलें चल के हम ,अनछुए लम्हों को - लहरें-साहिल से लिपट जातीं हैं, झोंके घूंघट कली के खोल रहे,हर तरफप्यार के पंछी से बोल रहे ,जाम लिए , ज़िन्दगी साकिया बन के -मुस्कातीं , जीने को उकसातीं हैं।

– अजय कुमार सिंह भदौरिया

### सबको खुश करने के चक्कर मे

सबको खुश करने के चक्कर मे जाने क्या क्या दर्द सहे... कहने को तो कह सकते थे लेकिन हम खामोश रहे... खामोशी वो क्या समझेंगे जो जलसों के भूखे है... आंसू तो पवित्र है सभी के होठ सभी के झूठे है... इस पर भी न जाने क्यू लोग हमी से रूठे है।

– अमरजीत सिंह छाबड़ा

### ठुमक ठुमक कर चलते थे जब

ठुमक ठुमक कर चलते थे जब पायल पहने पाँव में भरी दुपहरी धमा-चौकड़ी करते अपने गांव में, लुक-छिप कर करते थे धावा कच्चे -पक्के आमों पर चूसा करते आम दशहरी अमराई की छाँव में।

– चंद्र लता यादव

### कुछ रिश्ते हमारे जीवन में सिर्फ़

कुछ रिश्ते हमारे जीवन में सिर्फ़ होते हैं, लेकिन वे अपना होना कभी भी हमारे साथ साझा नहीं करते। वे सारी मान्य धाराओं का रुख सिर्फ़ और सिर्फ़ अपनी ओर रखकर दुनिया को देखते और दिखाते हैं। क्या हुआ! जो हम सोचते रहे और बहते रहे उनकी ओर। हां, संकोच बस इतना सा है कि वे हमें बुद्धू समझते रहे।

– कल्पना मनोरमा

### सोशल मीडिया में आमिर के

सोशल मीडिया में आमिर के मामले मे इतनी हाय तौबा समझ से परे ??? भाया वो अपने एजेन्डे मे क्लियर है। तुम्हारे पास सेक्यूलरिजम और भाईचारा कि बत्ती तो है उसका मस्त पोंगरी बना कर तुतरु बजाओ।

– अंबर अनिल दानी

### बचपन मस्ताना है रोको मत

बचपन मस्ताना है रोको मत मुझको पानी तो लाना है पायल छनकाती हूँ आना सब सखियो मैं पानी लाती हूँ सड़कें जब तपती हों पाँव जलें लेकिन राहें क्यों थकती हों।

– शुचि 'भवि'

## QUIZ TIME

Ramaquiz

1) छत्तीसगढ़ी के लुप्त होते शब्दों को संगृहीत करने के लिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा कौनसा कार्यक्रम चलाया गया? (बिजहा / कोठी)
2) छत्तीसगढ़ी शब्द 'उत्ती' का विलोम क्या है?
3) रायगढ़ जिला का सिंघनपुर किस लिए प्रसिद्ध है?
4) छत्तीसगढ़ में महिलाएं किस त्यौहार में 'गौरा-गीत' गाती है?
5) भारत के एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा हिन्दू महासभा के सदस्य का नाम बताइए?

उत्तरमाला- (1) बिजहा (2) बुड़ती (3) शैल चित्र के लिए (4) नवरात्री (5) डॉ बालकृष्ण शिवराम मुंजे

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1483: रिचर्ड तृतीय इंग्लैंड के राजा बने। 1770: सेस्मे की लड़ाई - रूसी बेड़े ने तुर्की सेना को हराया। 1785: अमेरिका के लिए पैसा के रूप में डॉलर को सर्वसम्मति से चुना गया। 1849: फ्रेडरिकिया की लड़ाई - डेनिश सेना ने प्रशिया सेना को धराशायी किया जिसके बाद 1864 तक प्रशियाई / डेनिश युद्ध समाप्त हुआ। 1854: जैक्सन ने मिशिगन में अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी का पहला सम्मेलन आयोजित किया। 1885: लुई पाश्चर ने रेबिज के टीके का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इस खोज ने मेडिकल की दुनिया में एक क्रांति ला दी। 1906: दूसरा जिनेवा सम्मेलन पूरा हुआ। 1923: सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक की स्थापना। 1931: बिली बर्क ने यू.एस. ओपन गोल्फटूर्नामेंट जीता। 1944: महात्मा गांधी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने पहली बार 'राष्ट्रपिता' के नाम से संबोधित किया। 1959: वेल्लोर अस्पताल में पहली बार सफलतापूर्वक ओपन हार्ट सर्जरी हुयी। 1961: मोजाम्बिक के निकट पुर्तगाल के जहाज में विस्फोट से 300 लोगों की मौत। 1964: अफ्रीका महाद्वीप का देश मलावी ब्रिटेन से आज़ाद हुआ और आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया। 2002: अफगानिस्तान के उपराष्ट्रपति अब्दुल कादिर की काबुल में हत्या कर दी गई। 2005: मैक्सिको में मानव का चालीस हज़ार वर्ष पुराना पदचिह्न मिला। 2006: भारत-चीन के बीच 1962 के युद्ध के 44 वर्ष बाद नाथुला दर्रे को खोला गया। यहां से भारत और चीन के बीच व्यापार होता था।



# अक्षय को लेकर कॉमेडी फिल्म बनाएंगे प्रियदर्शन

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक प्रियदर्शन, खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार को लेकर कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार को लेकर 'हेरा फेरी' सीरीज, 'गरम मसाला' और 'भूल भुलैया' जैसी कई कॉमडी फिल्में बनायी है।प्रियदर्शन एक बार फिर अक्षय को लेकर कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं।प्रियदर्शन ने बताया कि वह अगले साल 2022 में अक्षय कुमार के साथ एक कॉमेडी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

प्रियदर्शन ने बताया कि वह इसी साल अक्षय कुमार के साथ फिल्म शुरू करने वाले थे, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण यह प्रॉजेक्ट आगे बढ़ गया। उन्होंने कहा, ÷हमें इस साल इसकी शूटिंग शुरू करनी थी, लेकिन इसमें देरी हो गई। यह पूरी तरह से एक कॉमेडी फिल्म है और अब हम इसकी शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू करने की सोच रहे हैं।' प्रियदर्शन इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'हंगामा 2' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, जो 23 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। यह फिल्म उनकी साल 2003 की इसी नाम की हिट कॉमेडी फिल्म की अगली कड़ी है। फिल्म में परेश रावल, शिल्पा शेट्टी और मीजान जाफरी की अहम भूमिकायें है।

# 'आनंदी गांव की लाडली' के लिये रोमांचित है ऋतु श्री

**छोटे पर्दे की जानीमानी अभिनेत्री ऋतु श्री अपने आने वाले सीरियल आनंदी गांव की लाडली' के लिये बेहद रोमांचित है। डीडी किसान चैनल पर आज से प्रसारित होने जा रहे सीरियल 'आनंदी गांव की लाडली' की कहानी बिहार के समस्तीपुर के गांव रोहुआ वारिसनगर की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिसकी नायिका ऋतु श्री की कहानी भी छोटे शहर से महानगरी मुंबई पहुंचने और फिर अपने मेहनत के बलबूते फ़िल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने की है। 52 एपिसोड वाला यह सीरियल आज से सोमवार से शुक्रवार को रात 8 बजे प्रसारित होगा।**

**मुंबई (वार्ता)।** झारखंड के छोटे से शहर रामगढ़ की रहने वाली ऋतु श्री ने फैशन डिजाइनर का कोर्स जयपुर से किया और वहां से इंटर्नशिप करने के लिए उनकी किस्मत ने उन्हें मुम्बई बालाजी टेलीफिल्म तक पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप के दौरान ही उन्हें बालाजी टेलीफिल्म के सीरियल 'चंद्रकांता' में काम करने का मौका मिल गया और उसके साथ ही फिल्म और सीरियल से उनका नाता जुड़ गया। ऋतु श्री अपने इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद रोमांचित है। ऋतु श्री ने कहा, यह सीरियल मेरी लाइफके बेहद करीब है। सीरियल 'चंद्रकांता' में किये गए मेरे काम को लोगो ने नोटिस किया और इसके बाद मुझे सीरियल 'कुंडली भाग्य', 'सीआईडी' के अलावा बड़े बजट की फ़िल्म 'कुली नम्बर-1' और 'फौजी कॉलिंग' फ़िल्म में काम करने का मौका मिला। इसके बाद तो किस्मत चल निकली। इस समय मेरी कई सीरियल ऑन एयर होने वाली है, जिनमे डीडी किसान पर आज से 'आनंदी गांव की लाडली' का प्रसारण होने जा रहा है। यह सीरियल बिहार के एक गांव की आनंदी के बारे में है जो अपने संघर्ष से गांव की अन्य औरतों की किस्मत बदल देती है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है। ऋतु श्री ने बताया कि 52 एपिसोड वाले इस सीरियल के अलावा वह कुछ और प्रोजेक्ट पर काम कर रही है।

# यश कुमार की 'बंधन राखी का' ट्रेलर रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म 'बंधन राखी का' ट्रेलर रिलीज हो गया। निर्माता दुर्गा प्रसाद मजूमदार की फिल्म 'बंधन राखी का' ट्रेलर रिलीज हो गया है।इस ट्रेलर में बहन के प्रति एक भाई की जिम्मेवारी की संवेदनशील प्रस्तुति देखने को मिली है, जो बहनों के लिए अपनी जिंदगी दांव पर लगा देता है, लेकिन उसे बदले में मिलता है तृस्कार। फिल्म का ट्रेलर कुछ इसी कहानी को बयां करता है, जिसमें प्रेम, समर्पण और संवदेनशीलता नजर आ रही है। फिल्म के ट्रेलर में एक बार फिर से यश कुमार और पूनम दुबे का जलवा खूब देखने को मिला है, उनकी केमेस्ट्री शानदार है। गौरतलब है कि आदि शक्ति एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फ़िल्म 'बंधन राखी का' के निर्देशक अजय कुमार झा हैं। फिल्म के निर्माता और कहानीकार दुर्गा प्रसाद हैं। लिरिक्स अशोक कुमार, अरबिंद तिवारी और सत्य शंकर का है, जबकि म्यूजिक दुर्गा नटराज - मधुकर आनंद का है। डीओपी समीर जहाँगीर और कोरियोग्राफर प्रवीन शेलार हैं।

# फरहान अख्तर की तूफान का गाना 'तोडून टाक' रिलीज

**मुंबई।** फरहान अख्तर स्टारर फिल्म तूफान के दमदार ट्रेलर से दर्शकों को प्रभावित करने के बाद अब फिल्म का पहला गाना 'तोडून टाक' रिलीज हुआ है। हाई-ऑक्टेन म्यूजिक वीडियो दर्शकों को अपनी आंतरिक शक्ति, इच्छाशक्ति और सभी बाधाओं से लड़ने का साहस देता है जिसमें देश भर के बॉक्सिंग चैंपियन ÷इंडिया के तूफान÷ नज़र आ रहे हैं। चार मिनट के वीडियो में भारतीय मुक्केबाजी के असली हीरों शामिल हैं जिसमें विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेता लैशराम सरिता देवी, सोनिया चहल, कविता चहल, दो बार की युवा विश्व चैंपियन नीतू घनघास और भारतीय अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता तुलसी हेलेन के साथ तीन बार के डब्ल्यूबीसी एशिया टाइटल होल्डर नीरज गोयत और स्टेट चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट - अमन झांगडा, ऑल इंडिया फेडरेशन कप मेडलिस्ट - गगन द पिटबुल÷ शर्मा, नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडलिस्ट - अरबिंद कुमार प्रसाद और बिनोद कुमार प्रसाद और ईस्ट ज़ोन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के स्वर्ण और रजत पदक विजेता - स्वयं मल्लिक और बिनीत गुरुंग नज़र आ रहे हैं।

## न्यूज गैलरी

### उमेश शर्मा ने डी.एस.ओ. जालंधर के तौर पर पदभार संभाला

**जालंधर (वार्ता)।** राष्ट्र स्तरीय तैराकी खिलाड़ी, पंजाब तैराकी टीम के पूर्व कप्तान और वीरता पुरुस्कार प्राप्त करने वाले उमेश शर्मा ने सोमवार को ज़िला खेल अधिकारी (डी.एस.ओ.), जालंधर के तौर पर पदभार संभाल लिया है। उमेश शर्मा ने तैराकी खेल में अपने लिए एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया और वह पंजाब के प्रसिद्ध खिलाड़ियों में से एक रहे। तैराकी खिलाड़ी उमेश शर्मा द्वारा राहत कार्यों दौरान बाढ़ प्रभावित गांव फतेहपुर में फंसे तीन लोगों की जान बचाने पर उनको 2009 में उस समय के डिप्टी कमिश्नर अजीत सिंह पन्नू द्वारा बहादुरी पुरस्कार से सम्मानित भी किया जा चुका है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 609 अरब डॉलर पर

**मुंबई (वार्ता)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 जून को समाप्त सप्ताह में 5.07 अरब डॉलर बढ़कर 609 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। इससे पहले 18 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 4.15 अरब डॉलर घटकर 603.93 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक (आरबीआई) से प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 25 जून को समाप्त सप्ताह के दौरान 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 566.24 अरब डॉलर पर पहुँच गया। इस दौरान स्वर्ण भंडार भी 36.5 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 36.30 अरब डॉलर का हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 10 लाख डॉलर बढ़कर 4.97 अरब डॉलर पर रही। विशेष आहरण अधिकार 1.50 अरब डॉलर पर स्थिर रहा।

### रुपया 43 पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में आज रुपया 43 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 74.31 रुपये का बिका। भारतीय मुद्रा पिछले चार कारोबारी दिवस में 55 पैसे टूटने के बाद मजबूत हुआ है। पिछले कारोबारी दिवस यह 19 पैसे की गिरावट के साथ 74.74 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये में आज शुरू से तेजी रही। यह 23 पैसे चढ़कर 74.51 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। जबरदस्त उछाल के साथ एक समय यह 74 रुपये प्रति डॉलर तक पहुँच गया था।

# सेंसेक्स 395 अंक चढ़कर 52,880 अंक पर पहुंच गया

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 395.33 अंक यानी 0.75 प्रतिशत चढ़कर 52,880 अंक पर पहुँच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 112.15 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,834.35 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 25 जून के बाद का उच्चतम स्तर है। कोविड-19 महामारी के टीकाकरण में तेजी और कंपनियों के अच्छे तिमाही परिणाम की उम्मीद से बाजार में शुरू से ही तेजी रही। धातु, बैंकिंग, वित्त, ऊर्जा जैसे समूहों की कंपनियों में लिवाली से बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। विदेशी निवेशकों ने भी शेयर बाजार में पैसा लगाया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। बीएसई में छोटी कंपनियों का सूचकांक स्मॉलकैप 0.78 प्रतिशत उछलकर 25,765.73 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। मझौली कंपनियों का सूचकांक मिडकैप भी 0.35 फीसदी की बढ़त के साथ 22,505.82 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों में तेजी और शेष सात में गिरावट रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.92 प्रतिशत और टाटा स्टील का 1.84 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी में 1.47 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व में 1.38 प्रतिशत, एक्सिस बैंक में 1.27 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 1.23 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.18 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 1.15 प्रतिशत, एनटीपीसी में 1.11 प्रतिशत और इंडसइंड बैंक में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी 0.97 फीसदी मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा में सर्वाधिक 1.34 प्रतिशत की गिरावट रही। विदेशों में मिलाजुला रुख रहा। एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.44 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ जबकि जापान का निक्केई 0.64 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.59 प्रतिशत टूट गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.27 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.19 फीसदी की गिरावट में रहा। सेंसेक्स 198.22 अंक की तेजी में 52,484.67 अंक पर खुला और पूरे दिन अच्छी बढ़त में रहा।

## बारिश ने श्रीलंका को क्लीन स्वीप होने से बचाया

**ब्रिस्टल (वार्ता)।** बारिश ने श्रीलंका को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में रविवार को सीरीज में 0-3 की क्लीन स्वीप होने से बचा लिया। तीसरा मैच रद्द रहा और इंग्लैंड ने यह सीरीज 2-0 से जीत ली। श्रीलंका ने 41.1 ओवर में 166 रन बनाये। दासुन शनाका ने सर्वाधिक 48 रनों की पारी खेली। टॉम करेन ने 35 रन पर चार विकेट लिए जबकि डेविड विली और क्रिस वोक्स को दो -दो विकेट मिले। बारिश आने के कारण इंग्लैंड की पारी शुरू ही नहीं हो सकी और मैच को रद्द करने का फैसला लेना पड़ा। डेविड विली को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

# पेट्रोल दिल्ली में 99.86 रुपये प्रति लीटर पर

**नई दिल्ली (वार्ता)।** तेल विपणन कंपनियों ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन पेट्रोल के दाम बढ़ाये जिससे दिल्ली और कोलकाता में इसके दाम सौ रुपये प्रति लीटर के बेहद करीब पहुँच गये। मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल पहले ही इस स्तर के पार निकल चुका है। वहीं, डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया।

देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल 39 पैसे तक महँगा हुआ। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 35 पैसे बढ़कर 99.86 रुपये प्रति लीटर के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुँच गई। डीजल 89.36 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का मौजूदा सिलसिला 04 मई को शुरू हुआ था। दिल्ली में मई और जून में पेट्रोल 8.41 रुपये और डीजल 8.45 रुपये महँगा हुआ था। जुलाई में पेट्रोल की कीमत 1.05 रुपये और डीजल की 18 पैसे प्रति लीटर बढ़ चुकी है।

मुंबई में पेट्रोल 34 पैसे महँगा होकर 105.92 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गया।

# सेवा क्षेत्र में 11 महीने की सबसे तेज गिरावट

**मुंबई (वार्ता)।** कोविड-19 महामारी के कारण लगाये गये प्रतिबंधों की वजह से जून में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में भारी गिरावट दर्ज की गई। आईएचएस मार्किट द्वारा सोमवार को जारी सेवा कारोबार गतिविधि सूचकांक 41.2 पर आ गया। सूचकांक का 50 से नीचे रहना संकुचन और इससे ऊपर रहना वृद्धि दिखाता है जबकि 50 का स्तर स्थिरता का द्योतक है। मई में भी सेवा क्षेत्र में गिरावट रही थी और सूचकांक 46.4 दर्ज किया गया था। महामारी की दूसरी लहर के कारण लगातार दूसरे महीने सेवा क्षेत्र गिरावट में रहा।

आईएचएस मार्किट ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा ÷कमजोर माँग के कारण सेवा क्षेत्र की कंपनियों को मिलने वाले नये कारोबार में गिरावट आई है। यह तेज और पिछले साल जुलाई के बाद की सबसे बड़ी गिरावट थी। कंपनियों ने बताया कि कोविड-19 महामारी और कड़े प्रतिबंधों के कारण सेवा क्षेत्र में माँग प्रभावित हुई। सेवा अर्थव्यवस्था के पाँच में से चार उपक्षेत्र कारोबारी गतिविधियों और नये ऑर्डरों में संकुचन दर्ज किया गया है। उपभोक्ता सेवा उपक्षेत्र में सबसे तेज गिरावट दर्ज की गई। परिवहन एवं भंडारण को छोड़कर अन्य सभी उपक्षेत्र गिरावट में रहे। इससे पहले 01 जुलाई को विनिर्माण क्षेत्र के आँकड़े जारी किये गये थे। इसका सूचकांक भी जून में 48.1 दर्ज किया गया।

## सुधांशु मित्तल फिर से चुने गए खो - खो फेडरेशन ऑफइंडिया के अध्यक्ष

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय खो खो फेडरेशन (केकेएफआई) की वार्षिक बैठक (एजीएम) सोमवार, 5 जुलाई को सुबह 10.00 बजे 2021-2025 की अवधि के लिए केकेएफआई के नए पदाधिकारियों का चुनाव करने के लिए आयोजित की गई जिसमें सुधांशु मित्तल को फिर से अध्यक्ष चुन लिया गया जबकि महेंद्र सिंह त्यागी को महासचिव चुना गया। न्यायमूर्ति राजेश टंडन, पूर्व न्यायाधीश, उत्तराखंड उच्च न्यायालय (नैनीताल) ने रिटर्निंग ऑफिसर होने के नाते चुनाव परिणामों की घोषणा की। निम्नलिखित को निर्वाचित घोषित किया गया है:अध्यक्ष:सुधांशु मित्तल,महासचिव : महेन्द्र सिंह त्यागी, कोषाध्यक्ष : सुरेंद्र कुमार भूटियानी। इसके अलावा, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और कार्यकारी समिति के सदस्य भी सर्वसम्मति से चुने गए।

## टी-20 विश्व कप में जगह पक्की करने पर ध्यान देंगे शिखर धवन: लक्ष्मण

**मुंबई (वार्ता)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कहा है कि श्रीलंका दौरे पर भारत ए टीम के कप्तान शिखर धवन टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस मौके का इस्तेमाल करेंगे। उनका ध्यान टी-20 विश्व कप टीम में जगह पक्की करने पर होगा।

लक्ष्मण ने सोमवार को स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम ' गेम प्लान ' पर श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में शिखर धवन द्वारा नेतृत्व की भूमिका का इस्तेमाल टी-20 विश्व कप टीम में जगह सुरक्षित करने के बारे में कहा, ÷ मुझे लगता है कि उन्हें भारतीय टीम, खासकर सफेद गेंद टीम के लिए उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है। वह इस टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि शिखर इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट होंगे कि उन्हें इस अवसर का उपयोग करना है, विशेष रूप से टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए। ÷

पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा, ÷ यहां रोहित शर्मा और लोकेश राहुल भी हैं जो बेहतरीन सलामी बल्लेबाज हैं। विराट कोहली ने साफतौर पर कहा है कि

## मोहम्मद अजहरुद्दीन हैदराबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पद पर बहाल

**हैदराबाद (वार्ता)।** पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) के अध्यक्ष पद पर फिर से बहाल कर दिया गया है। लोकपाल न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) दीपक वर्मा ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए अजहरुद्दीन को निलंबित करने वाले एपेक्स काउंसिल के पांच सदस्यों पर कारवाई करते हुए उन्हें अस्थाई रूप से अयोग्य कर दिया है। अजहरुद्दीन को बीते दिनों नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में इस पद से बर्खास्त किया गया था। उल्लेखनीय है कि पूर्व भारतीय कप्तान को सितंबर 2019 में एचसीए का अध्यक्ष बनाया गया था। एचसीए लोकपाल ने अंतरिम आदेश में एचसीए एपेक्स काउंसिल के पांच सदस्यों उपाध्यक्ष के जॉन मनोज, आर विजयानंद, नरेश शर्मा, सुरेंदर अग्रवाल और अनुराधा को अस्थाई रूप से अयोग्य करार दिया है, जिनकी ओर से काउंसिल के संविधान के कथित उल्लंघन का हवाला देते हुए अजहरूद्दीन को निलंबित किया गया था।

**लाभांश** यह बोनस मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का प्रमाण

# रिलायंस इंश्योरेंस ने धारकों के लिए दिया 306.88 करोड़ रुपए का बोनस

**मुंबई।** रिलायंस निपॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, जो रिलायंस केपिटल और निपॉन लाइफ इंश्योरेंस (जापान) का जॉइंट वेंचर है, कंपनी ने वित्त वर्ष 2021 के लिए अपने पॉलिसीधारकों के लिए 306.88 करोड़ रुपए का बोनस घोषित किया है। यह बोनस मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का प्रमाण है, जिसके तहत कंपनी ने 31 मार्च 2021 तक साल के आखिर में टैक्स का भुगतान करने के बाद 50 करोड़ रुपए जारी किए हैं। घोषणा के मुताबिक, 31 मार्च 2021 तक पॉलिसी के सभी हिस्सेदारों को घोषित हुआ बोनस दिया जा चुका है। प्रत्यावर्ती बोनस के साथ वाली पॉलिसी में यह मृत्यु या मैच्योरिटी के एवज में मुनाफे की सुनिश्चितता को बढ़ाएगा। यह बोनस उस मुनाफे के आधार पर दिया जाएगा जो कंपनी की पॉलिसी के हिस्सेदारों के फंड के जरिए वित्त वर्ष 2020-21 के लिए जुटाया गया था। इस बोनस का लाभ रिलायंस निपॉन लाइफ के 6 लाख 85 हजार से ज्यादा हिस्सेदारों को मिलेगा। कंपनी बीते 17 सालों से लगातार बोनस की घोषणा करते आ रही है। यह उपभोक्ताओं के लिए इन्सेंटिव के समान है, जो न सिर्फ लगातार कंपनी की प्रीमियम का भुगतान करते हैं बल्कि पॉलिसी में निवेश भी करते हैं।

इस बारे में श्री आशीष वोहरा (सीईओ, रिलायंस निपॉन लाइफ) ने कहा, 'हम हमारी निरंतरता को लेकर गौरवान्वित हैं, साल दर साल बढ़त, जो यह स्पष्ट दर्शाती है कि हमारे मूल्यवान उपभोक्ताओं का भरोसा हमारे साथ है। महामारी के चलते बढ़त को लेकर जो शंकाओं का माहौल था, हमने लाइफ इंश्योरेंस कंपनी होने के नाते पूरे दिल और जज्बे के साथ अपने उपभोक्ताओं को सुरक्षित भविष्य के साथ भरपूर सहयोग देने को सोशल मिशन माना। कई पॉलिसी के हिस्सेदारों के लिए अलग-अलग बोनस की घोषणा की, यह हमारी निरंतरता का प्रमाण है, जो यह बताता है कि हम हमारे उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं।'

पॉलिसी के हिस्सेदारों के लिए घोषित हुआ बोनस न सिर्फ उपभोक्ताओं की मदद करता है बल्कि उन्हें उनके जीवन के लक्ष्य पूरे करने की सहूलियत भी देता है। यह पॉलिसी की मैच्युरिटी पूरी होने पर बेहतर रिटर्न की गारंट देने के साथ ही पॉलिसीधारक की मृत्यु होने पर परिजन को आर्थिक तौर पर सुरक्षित भविष्य देने का जरिया भी बनता है।

रिलायंस निपॉन लाइफ इंश्योरेंस भारत की अग्रणी और विश्वसनीय प्रायवेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी है, जिसकी 31 मार्च 2021 तक कुल असेट्स अंडर मैनेजमेंट 24,383 करोड़ रुपए है जबकि कुल बीमाकृत राशि 78,847 करोड़ है और क्लैम सेटल का अनुपात 98.48 प्रतिशत है।

# टोक्यो ओलंपिक्स में केआईआईटी के चार प्रतिनिधि करेंगे प्रतिनिधित्व

**भुवनेश्वर (वार्ता)।** केआईआईटी की ओर से आगामी टोक्यो ओलंपिक में तीन एथलीटों- दुती चंद, सीए भवानी देवी और शिवपाल सिंह और केआईआईटी डीम्ड यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स मेडिसिन चिकित्सक डॉ सुदीप सत्पथि प्रतिनिधित्व करेंगे। केआईआईटी भारत का एकमात्र विश्वविद्यालय है जिसके तीन एथलीट और एक अधिकारी (डॉक्टर) टोक्यो ओलंपिक खेलों में प्रतिनिधित्व करेंगे। ओलंपिक खेल 23 जुलाई 2021 से शुरू होने वाले हैं। यह जानकारी डॉ अच्युता सामंत, संसद सदस्य (लोकसभा) और संस्थापक, केआईआईटी और केआइएसएस ने दी। भुवनेश्वर में एक राष्ट्रीय वर्चुअल पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए डा सामंत ने कहा कि केआईआईटी और केआइएसएस में खेलों को व्यापक रूप से प्रोत्साहित कर इस तरह के अद्वितीय गौरव को प्राप्त करने प्रति सक्षम हैं। उल्लेखनीय है कि केआइएसएस ने राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 5000 से अधिक खेल प्रतिभाओं को बनाया है, जिनमें अंतरराष्ट्रीय खेलों जैसे राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में देश के लिए पदक लेकर आए विजेता शामिल हैं। केआईआईटी के कई छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में अपने प्रदर्शन से संस्थान, राज्य और देश का नाम रोशन किया है।

## लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** वर्ष 2014 में थाना मानपुर में दर्ज अपराध क्रमांक 47/2014 धारा 406 भादंवि के आरोपी लोचन प्रसाद तिवारी पिता रोहित प्रसाद तिवारी उम्र 34 वर्ष, निवासी मासुल, थाना गैंदाटोला जो कि लंबे समय से अपने सकुनत व क्षेत्र से फरार था, जिसे पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ई व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर हरीश पाटिल के मार्गदर्शन पर धाना मानपुर पुलिस के द्वारा बस स्टैंड चौक मानपुर में घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं विधिवत् रूप से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। इस उल्लेखनीय कार्य में निरीक्षक लक्ष्मण केवट थाना प्रभारी मानपुर, प्रधान आरक्षक हेमू सूर्यवंशी, आरक्षक मनोज कुमार बंजारे, आरक्षक दुष्यंत राणा, आरक्षक ओमप्रकाश सिन्हा एवं आरक्षक मेहर भंडारी का कार्य विशेष सराहनीय रहा।

## यातायात पुलिस ने ओव्हर स्पीड एवं बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चालकों पर की कार्यवाही

**राजनांदगांव।** शहर के नेशनल हाईवे-53 राज इंपीरियर चौक पर चेकिंग पाईट लगाकर मुख्यतः ओव्हर स्पीड व बिना सीट बेल्ट पर कार्यवाही किया गया, जिसमें 71 प्रकरण बिना सीट बेल्ट, 10 ओव्हर स्पीड एवं 33 अन्य मोटर व्हीकल की धाराओं में कार्यवाही किया गया व वाहन चालकों को धीरे चलने, सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने की समझाईश दी गई।

## 38 पौवा देशी शराब के साथ एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग विवेकानंद सिन्हा, पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम, नगर पुलिस अधीक्षक (प्रभारी) व्हीबी नंद के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन के तहत् मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक शिवेन्द्र राजपूत व थाना सोमनी पुलिस स्टॉफ के द्वारा निरीक्षक शिवेन्द्र राजपूत थाना प्रभारी सोमनी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक शत्रुहन पटेल, प्रधान आरक्षक गणेश चौहान, आरक्षक धनीराम पैकरा एवं आरक्षक अभिषेक बघेल के मय शासकीय वाहन के टाउन एवं देहात भ्रमण हेतु रवाना होने दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि पवन लोहार नामक व्यक्ति ग्राम मुढ़ीपार रेलवे स्टेशन के पास अवैध रूप से शराब रखकर कर बिक्री करने ले जाने वाला हैं। सूचना पर सादी वेशभूषा में स्टॉफ को लगाकर घेराबंदी कर रेड की कार्यवाही की गई। अवैध रूप से शराब बिक्री करने ले जाने वाले व्यक्ति से पुछताछ कर मौके पर ही शराब परिवहन एवं बिक्री के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने अपेक्षा किया गया जिसके द्वारा अपना नाम पवन लोहार पिता स्व. संतु लोहार उम्र 45 वर्ष साकिन रेलवे स्टेशन के पास ग्राम मुढ़ीपार थाना सोमनी जिला राजनांदगांव का रहने वाला बताया। शराब परिवहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किये, जिसके कब्जे से देशी प्लेन मदिरा 31 पौवा एव देशी मसाला मदिरा 7 पौवा कुल 38 पौवा प्रत्येक में 180 एमएल भरा हुआ, कुल जुमला 6.840 बल्क लीटर जुमला किमती 3110 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 96/20 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड में भेजा गया हैं।

## स्पष्टवादी व्यक्तित्व के धनी थे विनोद चोपड़ा : कांग्रेस

**राजनांदगांव।** कांग्रेस के वरिष्ठ कर्मठ नेता विनोद चोपड़ा के आकस्मिक निधन पर जिला व शहर कांग्रेस ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की हैं। जिला कांग्रेस के प्रवक्ता रुपेश दुबे ने बताया कि विनोद भैया के निधन पर जिला अध्यक्षद्वय पदम सिंह कोठारी एवं कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शोक व्यक्त करते हुए श्री चोपड़ा के बेबाक

सदगुणों को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि राजनीति में स्पष्टवादिता उनकी विशेष पहचान थी, उनके निधन से कांग्रेस परिवार सहित परिजनों को जो पीड़ा हुई है उसे सहन करने की शक्ति भी ईश्वर सभी को दे, ऐसी प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित किये है। साथ ही छग अंत्यव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री धनेश पाटिला, विधायक पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू, विधायक संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी, विधायक अनुसूचित जाति प्राधिकरण के अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल विधायक छन्नी साहू, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, थानेश्वर पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, कमलजीत पिंटू, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल, अलाली राम यादव, नवाज खान, रमेश राठौर, जितेंद्र मुदलियार, दिनेश शर्मा, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, नरेश डाकलिया, वरिष्ठ कांग्रेसी शशिकांत अवस्थी, शरद चितलांगया, निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, राजगामी अध्यक्ष विवेक वासनिक, अल्पसंख्यक आयोग सदस्य हफीज खान, जिला लघुवनोपज अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल, हेमंत ओस्तवाल, पंकज बांधव, संजय जैन, हनी ग्रेवाल, मोती साहू, अंगेश्वर देशमुख, फिरोज अंसारी, महेन्द्र शर्मा, अशोक फड़णवीस, अमित चंद्रवंशी, नासिर जिंदरान, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, प्रवीण मेश्राम, बबलू सोनी, जिला व शहर के पदाधिकारीगण, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, पार्षदगण, जिला-जनपद सदस्य सहित कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ विभाग के पदाधिकारियों ने भी अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए है।

# नए एसपी का नक्सल प्रभावित क्षेत्रों पर भी है फोकस

### जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में कर रहे दौरा, संबंधित थानों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश

*नवप्रदेश संवाददाता*

**बालोद।** नए एसपी सदानंद कुमार नारायणपुर क्षेत्र में पदस्थ थे। जहां वे 16 वी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के कमांडेंट थे। इस दौरान उन्होंने कई नक्सली ऑपरेशन में भी हिस्सा लिया। अब उनके बाद वहां से उनका बालोद स्थानांतरण हुआ। जहां वे कुछ दिन पहले ही बालोद एसपी का पदभार संभाले हैं। यहां आते ही उन्होंने नक्सली गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी है। हालांकि बालोद जिले में लंबे समय से नक्सली गतिविधियों पर विराम लगा हुआ है लेकिन फिर भी कहीं किसी भी तरह की आहट मिलती है तो संबंधित पर कार्यवाही के लिए पुलिस तैयार रहेगी। इसलिए आते ही एसपी सदानंद कुमार बालोद जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के थानों का निरीक्षण करने के लिए पहुंच रहे हैं। रविवार को वे महामाया थाना क्षेत्र में पहुंचे थे। इसके अलावा आसपास के थानों जो कि जंगली इलाकों से लगे हुए हैं वहां पे पहुंचकर वहां की परिस्थितियों से अवगत हो रहे हैं। महामाया थाना प्रभारी अरुण साहू को निर्देशित किया गया है कि वे और उनका स्टाफ अलर्ट रहें और लगातार आसपास के इलाकों में निगरानी करते रहे। ग्रामीणों में मुखबिर तंत्र मजबूत रखें। कहीं किसी भी तरह की सूचना सामने आती है तो उसे गंभीरता से लें ।

ज्ञात हो की महामाया थाना पहले नक्सली उत्पात से प्रभावित था लेकिन अब यहां स्थिति नियंत्रण में है। लंबे समय से कोई नक्सली वारदात नहीं हुई। लगातार यहां पुलिस प्रशासन व अन्य बल निगरानी करती रहती है तो वही ग्रामीणों को भी समय-समय पर सचेत किया जाता है। एसपी ने थाना प्रभारी सहित सभी स्टाफको अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करने की हिदायत दी है व ग्रामीणों से ही सहयोग की अपेक्षा की है।

### इसलिए अलर्ट रहना जरूरी

बता दे कि बालोद जिले का महामाया थाना जिले के अंतिम छोर पर बसा हुआ है। जहां घना जंगल है व आस-पास राजनांदगांव जिले का खड़गांव थाना क्षेत्र भी पड़ता है जहां पहले नक्सली उत्पात बहुत था कभी भी नक्सलियों की धमक इस क्षेत्र में सुनाई देती है इसलिए पड़ोसी जिलों को भी अलर्ट रहना पड़ता है। हालांकि अब पहले की तरह नक्सलियों की आमद इस इलाके में नहीं रही। वहीं पुलिस व ग्रामीणों के बीच मुखबिर तंत्र इतनी मजबूत हो चुकी है कि अब नक्सली इस इलाके में एकाएक घुस नहीं पाते हैं। कुछ माह पहले दल्ली के एक ठेकेदार को नक्सलियों को सामान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार भी किया गया था। उसके बाद से पुलिस गोपनीय तौर पर खासतौर से नक्सल क्षेत्र में ठेकेदारी कर रहे लोगों पर नजर बनाए रखी है कि कहीं उनका नक्सली लिंक तो नहीं है। बालोद जिले में महामाया थाने के अलावा डौंडी, गुरुर क्षेत्र में मरकाटोला मंगलतराई कैंप से भी नक्सली गतिविधियों की निगरानी होती रहती है। खास तौर से पड़ोसी जिलों की सीमा में निगरानी शुरू से जारी है । एसपी ने निगरानी व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए हैं।

# शातिर चोर गिरोह गिरफ्तार

■ चोरी के 3 मामलों में आरोपी गिरफ्तार

*नवप्रदेश संवाददाता*

**राजनांदगांव।** थाना ठेलकाडीह में 3 जुलाई 2021 को प्रार्थी शिव कुमार मैथिल क्षत्रीय द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि डुमरडीहकला शिव अग्रवाल के केसर खदान स लोहे का छड़ 10 एमएम वाला 1 बंडल एवं 8 एमएम का छड़ 7 बंडल कुल किमती 23418 रूपये की चोरी, प्रार्थी टुमन वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके ट्रेक्टर कैचव्हील 2 नग एवं लोहे का छड़ 8 एमएम वाला 2 बंडल, 10 एमएम वाला 1 बंडल, छड़ 12 एमएम वाला 1 बंडल कुल किमती 24510 रूपये की चोरी तथा 4 जुलाई 2021 को प्रार्थी द्वारका वर्मा पिता रामचंद्र वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके भरदाखुर्द में स्थित खेत पर नया मकान बनाने व छत ढलाई करने हेतु 40 नग लोहे का सेन्टींग प्लेट सुखराम से लाया था, जिसकी कीमत 20000 रूपये की चोरी कुल किमती 67,928 रूपये का कोई अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 13/2021, 14/2021, 16/2021 धारा 379 भादंवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया गया। मामले कि गंभीरता को समझते हुए पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम, पुलिस अनु. अधि. जीसी पती के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश कुमार पुरिया के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी की गई, जिस पर मुखबिर से पता चला कि कुछ संदेही व्यक्ति छड़ बेचने के फिराक में घूम रहे है, जिन्हे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर ग्राम शिव अग्रवाल के केशर खदान अमलीडीह एवं भरदाखुर्द खेत निर्माणाधीन मकान से आरोपीगण रेकी कर रात को चोरी करना बताये है, जिस पर आरोपीगण अक्षय पुरी पिता प्रकाश पुरी उम्र 26 वर्ष साकिन वार्ड नं. 10 डुमरडीहकला थाना ठेलकाडीह, रोशन पुरी गोस्वामी पिता सुरेश पुरी गोस्वामी उम्र 22 वर्ष, नरसिंग वर्मा उर्फ गोलू पिता सालिक राम वर्मा उम्र 22 साकिनान वार्ड नंबर 2 मोहब्बतपारा ठेलकाडीह थाना ठेलकाडी जिला राजनांदगांव को तीनों प्रकरण 13/2021, 14/2021, 16/2021 धारा 379 भादंवि का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से विधि गिरफ्तार किया गया।

# ब्लॉक, जिला, प्रदेश स्तरीय मंहगाई के विरोध में 6 से 17 तक जनआंदोलन : पदम कोठारी

*नवप्रदेश संवाददाता*

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार प्रदेश महामंत्री जिला प्रभारी पंकज शर्मा के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी के नेतृत्व में राजनांदगांव जिला स्तर में 6 से 17 जुलाई 2021 तक सफल जन आंदोलन आयोजन किया जाना है।

जिला प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि प्रदेश से जारी परिपत्र अनुसार 6 जुलाई से को ब्लॉक स्तरीय आंदोलन, हस्ताक्षर अभियान जिसके तहत पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर, खाद्य तेल, अन्य घरेलू सामानों सहित आवश्यक वस्तुओं के कीमतों में वृद्धि के विरोध में थाली व अन्य बर्तन पीट-पीट कर, बजा कर पेट्रोल-डीजल के केंद्रीय उत्पाद शुल्क कम करने की मांग पोस्टर, पाम्पलेट के साथ पेट्रोल पंपों में आमजनता से समर्थन में हस्ताक्षर कराएंगे। 14 जुलाई को जिला स्तरीय सायकल यात्रा पेट्रोल-डीजल के मूल्य वृद्धि के विरोध में जिल के प्रत्येक ब्लॉक के बड़े ग्राम से विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों सभी संगठन के नेताओं पदाधिकारी कार्यकर्ता कम से कम 5 किमी सायकल चला कर विरोध दर्ज कराएंगे। 17 जुलाई 2021 को मंहगाई व ईंधन मूल्य के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय पैदल मार्च, जुलूस निकाल कर केंद्रीय उत्पाद शुल्क कम करने व मंहगाई कम करने प्रधानमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौपा जाएगा।

जन आंदोलन के लिए विस्तृत दिशा निर्देश के साथ जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, सभी विभाग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्षगणों से आमजनता से जंगी आव्हान किया है कि अपने ब्लॉक, जिला स्तर पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा निर्धारित कार्यक्रम को वरिष्ठ कांग्रेसजनों, प्रदेश व जिला पदाधिकारीयों, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित सभी प्रकोष्ठ, विभाग के पदाधिकारीगण, त्रिस्तरीय पंचायती राज (जिला, जनपद, पंचायत) व नगरीय निकाय (नगर पालिका, नगर पंचायत) के कांग्रेस समर्थित निर्वाचित, जनप्रतिनिधियों, एल्डरमैनों, कांग्रेस के जांबाज कार्यकर्ताओं को सम्मलित कर उनकी भी मास्क लगा कर उपस्थिति में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए जनहित के लिए आयोजित इस जनआंदोलन में जागरूक जनता से कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की है।

# कलेक्टर ने किया रोका-छेका अभियान का शुभारंभ

*नवप्रदेश संवाददाता*

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ी परंपरा को बनाए रखने के साथ-साथ पशुधन विकास, जल संचय, जैविक खाद एवं ग्रामीण बाड़ी विकास कार्य को पुनर्जीवन देने के लिए महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पारंपरिक व्यवस्था अनुसार वर्तमान खरीफ फसल के नुकसान को बचाने के लिए ग्रामीण पशुधन का समुचित प्रबंधन हेतु रोका छेका कार्यक्रम आयोजित कराने विगत वर्षो से महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। इस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण उद्देश्य फसल बुवाई के पूर्व पशुधन का समुचित प्रबंधन हैं। शासन के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ जनपद पंचायत साजा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओड़िया, खुरुषबोड आर, जेवरा एवं ठेलका से किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत एवं ग्राम गोठान प्रबंधन समिति के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हुए ग्रामीण परंपरा को बनाए रखने रोका छेका कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के नव पदस्थ कलेक्टर भोसकर विलास संदीपान एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित हुए। अध्यक्ष प्रबंधन समिति एवं कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम के दौरान चरवाहों एवं उपस्थित ग्रामीणों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने परिचर्चा भी की गई एवं अपने अनुभव को साझा किया गया। इस दौरान नवपदस्थ कलेक्टर द्वारा चरवाहों को श्रीफल एवं धोती भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न

विभागों द्वारा भी गौठान प्रबंधन समिति एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं पात्र हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गौठान से संबंधित विभिन्न प्रकार की सामग्री निर्माण एवं आर्थिक गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। जिलाधीश द्वारा स्वयं सहायता समूह की सक्रियता को देखते हुए उनकी प्रशंसा की गई। ग्राम पंचायतों के इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत में चारागाह विकास हेतु भी अधिकारियों के साथ साथ उपस्थित अध्यक्ष गौठान प्रबंधन समिति एवं सरपंच को निर्देशित किया गया। इस दौरान विभिन्न ग्रामीणों द्वारा अपनी सुझाव एवं समस्याओं को भी साझा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा ग्राम पंचायतों में गोबर खरीदी, वर्मी खाद निर्माण, साबुन निर्माण, मोमबत्ती एवं बाड़ी विकास कार्य एवं अन्य संचालित आर्थिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया एवं सभी गोठान प्रबंधन समितियों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार अच्छे कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों से भी अधिक से अधिक वर्मी खाद खरीदने एवं उसका फसल उत्पादन हेतु उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान श्रीमती रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा, सुश्री कांति ध्रुव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत साजा, नवीन साहू एपीओ जिला पंचायत बेमेतरा, अरविंद कश्यप कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत साजा, श्री आयाम कृषि विज्ञान केंद्र, जितेंद्र ठाकुर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी साजा, श्री ठाकुर पशु चिकित्सक साजा, मत्स्य निरीक्षक साजा उद्यान अधीक्षक एवं अन्य विभागों के अधिकारी के साथ-साथ ग्राम पंचायत सरपंच सचिव, अध्यक्ष सचिव, ग्राम गोठान प्रबंधन समिति, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण जनों के साथ-साथ चरवाहे उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुराजी गांव और गोधन...**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य के पशुपालक किसानों, गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे लिए यह बेहद खुशी की बात है कि गौठान अब तेजी से स्वावलंबी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना को शुरू किए अभी एक साल भी नहीं हुआ है।

**गोधन न्याय योजना एक...**

गौठानों में तैयार हो चुका है। आज की स्थिति में 60 हजार भरे टाकों से वर्मी कम्पोस्ट की छनाई और पैकेजिंग का काम चल रहा हैं। अब तक 42.20 करोड़ रूपए की वर्मी कम्पोस्ट बिक चुकी है। उन्होंने कहा कि गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को इस योजना के तहत लाभांश के रूप में लगभग 29 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गौठानों से जुड़े स्व-सहायता समूह की 85 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य उत्पादों का निर्माण व आय मूलक गतिविधियों का संचालन कर अब तक 43.49 करोड़ रूपए की आय अर्जित कर चुकी है। उन्होंने कहा कि समूहों की आय और उनके लाभांश की राशि से ज्यादा महत्वपूर्ण महिलाओं का आत्मविश्वास और उनकी आत्मनिर्भरता है। यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

**गौठान में अब वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन**

हमारे 1160 गौठान स्वावलंबी हो चुके है, जो अपनी आय से अब स्वयं गोबर खरीद रहे हैं और महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन करने लगे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठान और गोधन न्याय योजना का सीधा संबंध खेती से है। यह व्यवस्था जितनी मजबूत होगी हमारी खेती-किसानी और किसान उतने ही समृद्ध होंगे। उन्होंने इस मौके पर राज्य के किसान भाईयों से राज्य में संचालित पशुओं के रोका-छेका अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और गौठानों में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट का उपयोग खेतों में करने की अपील की। उन्होंने गौठानों में पशुओं के हरे चारे की व्यवस्था के लिए चारागाह में नेपियर घास लगाने का भी आव्हान किया।

**इधर खाद-बीज को...**

कांग्रेस सरकार की कमियां गिनाते हुए पूर्व सीएम ने कहा, 'मौजूदा कांग्रेस सरकार की वितरण प्रणाली ठप हो चुकी है। प्रदेश में किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। आलम ये है कि सरकार अपनी असफलता छुपाने के लिए केंद्र सरकार को चिट्ठी लिख रही है।

**बारिश की बौछार के साथ चली आरोपों की झड़ी**

बाहर मेघा बरस रहे थे तो निवास के अंदर डॉ सिंह सत्ताधारी पार्टी पर आरोपों की झड़ी लगा रहे थे। जिस डायस पर खड़े होकर डॉक्टर सिंह मीडिया से बात कर रहे थे, ठीक उसी के ऊपर छत से पानी गिरने लगा। बूंदें सीधे रमन सिंह पर गिरी। इससे वह चौंक गए। पानी गिरता देखकर उनके सिक्यूरिटी स्टाफ ने कमरे के अंदर ही छाता तान दिया। फिर ऐसे ही प्रेस कान्फ्रेंस पूरी हुई। डॉ. रमन ने आगे कहा, छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन में लगभग 48 लाख हेक्टेयर में विभिन्न फसलों की बुआई की जाती है। खरीफमें धान एवं अन्य अनाज 40.50 लाख हेक्टेयर, दलहन 3.76 लाख हेक्टेयर, तिलहन 2.55 लाख हेक्टेयर तथा अन्य फसल 1.32 लाख हेक्टेयर बोई जाती है। इसके लिए राज्य सरकार ने केंद्र से खरीफ फसल 2021 के लिए 10.25 लाख मीट्रिक टन खाद की मांग की थी, जो केंद्र ने दे भी दिया।

**189 पर एफआईआर...**

रायबरेली, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़, गोरखपुर, आगरा, बुलंदशहर, एटा, मुरादाबाद, मेरठ, इटावा, अलवर और कोलकाता शामिल हैं। बताया जाता है ?कि इन जिलों में आरोपियों के ठिकानों पर सीबीआई की टीम छानबीन कर रही है।

**दूसरी एफआईआर**

गौरतलब है कि रिवर फ्रंट मामले में यह दूसरी एफआईआर है। सपा शासनकाल में गोमती रिवर फ्रंट परियोजना को अखिलेश यादव का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया गया था। 2017 में सत्ता मे आने के बाद भाजपा ने इस मामले में जांच की बात कही थी। इसके बाद सीबीआई से जांच की संस्तुति की गई थी। तब से कई अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। गोमती रिवर फ्रंट घोटाला करीब 1500 करोड़ रुपए का होने का अनुमान है।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ANURAG KUMAR MISHRA S/O RAM KUMAR MISHRA निवासी VILLAGE- GORDHA PO- MOHTARA , WARD NO. 12, DISTRICT BALODA BAZAR (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ANURAG MISHRA S/O RAM KUMAR MISHRA रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ANURAG MISHRA S/O RAM KUMAR MISHRA से ही जाना पहचाना जावे।

ANURAG MISHRA
VILLAGE- GORDHA
PO-MOHTARA ,
WARD NO. 12, DISTRICT
BALODABAZAR (C.G.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

# रोका-छेका अभियान के बावजूद सड़कों व खेतों में दिख रहा मवेशियों का जमावड़ा

## कागजों में ही सिमटी योजना, मवेशियों के मल-मूत्र से सड़क पर फैल रही गंदगी

**भटगांव/नवप्रदेश।** बिलाईगढ़ ब्लाक में भी रोका छेका अभियान जारी है लेकिन धरातल पर उल्टे मवेशियों ने ही सड़कों को रोक और छेक रखा है। सरकार की अधिकांश योजनाओं की तरह रोका-छेका अभियान का भी हाल होता दिख रहा है।

छत्तीसगढ़ में पुरानी परंपरा रही है। जैसे ही बारिश के मौसम में किसान खेती की शुरुआत करते हैं उस वक्त मवेशी खेतों को नुकसान न पहुंचाएं इसके कारण उन्हें घरों में ही बंद रखा जाता है, इसे रोका छेका कहा जाता है। किसानों की सरकार होने का दावा करने वाली बघेल सरकार भी इसी परंपरा को कायम रखते हुए 1 जुलाई से रोका छेका अभियान सुरुवात किया गया जिसके तहत भटगांव नगर पंचायत व क्षेत्र के ग्रामिण अचंल गांव ग्राम पंचायत को जिम्मेदारी दी गई है कि वह सड़क पर मौजूद मवेशियों को गौठान तक पहुंचाएं, साथ ही मवेशी के मालिकों से एक शपथ पत्र भरवा जाए जिसमें वे अपने मवेशियों को घर में रखने पर सहमति दे। कहने को तो योजना जारी है लेकिन इसका असर कहीं भी दिखाई नहीं पड़ रहा। वहीं सड़कों और खेतों में अभी भी हर ओर मवेशी जमे हुए हैं। आप बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के किसी भी सड़क व खेत जगह पर चले जाइए। सड़क और खेतो पर गाय बैलों के झुंड नजर आ ही जाएंगे।

**सड़क पर पंचायत लगाकर मवेशियों के बैठने के कारण हर तरफ गोबर रहता है बिखरा :** बारिश होते ही मिट्टी गीली होने के बाद मवेशी बीच सड़क पर ठिकाना बना लेते हैं। सड़क जहां सुखी होती है वही दावा किया जाता है कि सड़क से गुजरने वाले वाहनों के धुएं के कारण उन्हें मक्खी भी परेशान नहीं करते। इस कारण से सभी सड़कों पर मवेशियों का डेरा है। सड़क पर पंचायत लगाकर मवेशियों के बैठने के कारण हर तरफ गोबर भी बिखरा पड़ा है जिससे सड़कों की अलग दुर्गति हो रही है। यहां भी महेंद्रा फाइनेंस दुकान से लेकर बस स्टैंड व झुमरपाली मुख्य सड़क और सभी सहायक सड़कों पर इसी तरह मवेशियों का कब्जा है। गांव में भी कोई बदलाव नहीं दिख रहा। ऐसे में समझ नहीं आ रहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना रोका छेका आखिर चल कहां रही है। सड़क पर मवेशियों के होने से सड़क दुर्घटना में भी इजाफा हो रहा है तो वहीं भटगांव नगर में लगातार गंदगी भी हो रही है। गोबर से होने वाली गंदगी को दूर करने राज्य शासन ने गोबर खरीद रहा है, वही रोका छेका अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में भी लागू ना होने से किसानों को भी कोई लाभ नहीं मिल पाया।

**नगर पंचायत भटगांव के सड़को पर दर्जन की संख्या में मवेशी आते हैं नजरः** नगर पंचायत भटगांव में सड़क पर दर्जनो-दर्जनो की संख्या में मवेशी नजर आते हैं। देखकर लगता नहीं कि इनका कोई मालिक भी है। ऐसा लगता है कि गैर दुधारू पशुओं को बेसहारा छोड़ दिया गया है। वही गोठान में भी इन्हें नहीं पहुंचाने और इनकी देखभाल ना होने से स्थिति जरा भी नहीं बदली, अलबत्ता इसे लेकर कई कार्यक्रम जरूर आयोजित हो रहे है, मगर स्थिति जस की तस है। ऐसे में योजना की सफलता को लेकर जिस तरह का संदेह शुरू में जताया गया था वह सही साबित होता दिख रहा है।

वहीं आज सुबह सुबह 5 बजे सारंगढ़-गिधौरी मुख्यमार्ग में 11 पशुओं की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह घटन धोबनीडीह गांव के पास का है जहां 11 पशुओं की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गया है,प्राप्त जानकारी अनुसार यह घटना सोमवार सुबह की है जहां आसपास के लोगों को घटना की खबर मिलते ही तत्काल सरपंच को जानकारी दी गई है,एक तरफ सरकार गौ सेवक संघ के तहत गौरक्षा के लिए अभियान चला रहा है,तो वहीं दूसरी ओर सड़कों पर घुमंतू पशुओं की जानें जा रही है, आज 11 घुमंतू पशुओं को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी है जिससे पशुओं की दर्दनाक मौत हो गई है।

## न्यूज गैलरी

### गोविन्द पटेल के नेतृत्व में हुआ वृक्षारोपण

**भाटापारा/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम तय किया गया है। इसी कड़ी में भाटापारा शहर में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन में शहर अध्यक्ष गोविन्द पटेल के नेतृत्व में हथनीपरा वार्ड में स्थित मुक्तिधाम में वृक्षारोपण किया गया जिसमें शहर महामंत्री उमाशंकर वर्मा जिला मंत्री देवेंद्र साहू, पंकज साहू, संजय ठाकुर, दीपक साहू, योगेंद्र साहू, रमेश साहू, चमार राय सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय महिला मोर्चा की पहली राष्ट्रीय बैठक में शामिल हुई शालिनी राजपूत

**खरोरा/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महिला मोर्चा की पहली पदाधिकारी बैंठक में शामिल हुई प्रदेश महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजपूत जी बैठक में आदरणीय श्री जे.पी.नड्डा जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष), श्री दुष्यंत कुमार गौतम जी (राष्ट्रीय महामंत्री व महिला मोर्चा प्रभारी), श्रीमती वानिती श्रीनिवासन जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा) की गरिमायी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन व वन्देमातरम गीत से की गई बैठक में कई तरह के मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए किस तरीके से समर्पित सरकार है।बेटी के जन्म से लेकर जीवन के हर चरण में बेटियों और बहनों की रक्षा,सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा कई सारी योजनाएं चलाई जा रही है जैसे की उज्जवला योजना, स्वाबलंबन के लिए मुद्रा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना इस मौके पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ तथा समाज हित में सरकार की विभिन्न योजनाओं द्वारा समाज का लाभ पहुंचाने पर विचार किया तथा उन्हें आमजन तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। महिला मोर्चा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई सभी योजनाएं जमीनी स्तर पर पहुंचे एवं उनका उचित लाभ भी अंतिम छोर पर खड़ी महिला तक पहुंचे।

### डॉ. रवि खुटे ने बचाई मरीज की जान

**खरोरा/नवप्रदेश।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजय यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री तारकेश्वर पटेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुविभाग विधानसभा श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में मादक पदार्थों के अवैध कारोबारियों पर खरोरा पुलिस का प्रहार लगातार जारी है। चार जुलाई की रात्रि मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम कनकी निवासी भारत वर्मा पिता अंजोर सिंह आयु 55 वर्ष के कब्जे से एक एक किलो के चार पैकेट में रखा हुआ कुल चार किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 32000/ रुपए बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 285/21 धारा 20 (बी) नरकोटिक्स ऐक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया। वहीं एक अन्य मामले में अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी प्रभु दयाल देवांगन पिता भूखन लाल निवासी केशला को पकड़ा गया, आरोपी के पास से 20 पौव्वा देशी मदिरा व 320/ रुपए नगदी बिक्री रकम बरामद कर अपराध क्रमांक 282/2021 धारा 34 (1) ब तहत पंजिबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# 4000 क्विंटल वर्मी खाद तैयार

## हजारों हेक्टेयर पर रासायनिक खाद होंगे उपयोग

**देवभोग/नवप्रदेश।** रासायनिक खाद से निजात दिलाने के लिए राज्य सरकार पंचायतों में निर्माण गोठानो के माध्यम से वर्मी खाद और सुपर खाद तैयार कराने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं। लेकिन सुविधा के अभाव से भूपेश बघेल की मेहनत पर पुलिंदा लग रहा है।

बमुश्किल गोबर खरीदी हुई लेकिन पानी के अभाव समय पर खाद नहीं बन पाया यही वजह है कि किसान रासायनिक खाद का उपयोग करने को मजबूर होंगे। जबकि करीब 60 लाख खर्च कर 10 गौठान निर्माण किया गया है जिससे अब तक 10,000 हजार क्विंटल गोबर खरीदा गया है। और खरीदी के अनुसार 4000 क्विंटल का खाद बनाया जा रहा है। जबकि गोठनों में पानी की सुविधा होती तो गर्मी के दिनों में खाद बनकर तैयार हो जाता। लेकिन पानी नहीं होने से कछुए भी नष्ट हो गए। ऐसे में समिति को वर्मी खाद बनाने के लिए और भी ज्यादा मशक्कत करना पढ़ रहा है।

यहां बताना लाजमी होगा की झीरी पानी लाटापारा घूमरगुड़ा खुटगांव निस्टिगु डा के साथ 10 गोठानो में से अब तक 300 क्विंटल खाद बनाया गया है। ऐसे में हजारों हेक्टेयर में किस तरह यह खाद पहुंचाया जा सकता है। विडंबना की बात तो यह है कि जिला अधिकारी द्वारा कईयों बार गौठान में सोलर लगाने के निर्देश दिए और निर्देशों पर स्थानीय अधिकारियों ने हामि भी भरा रहा लेकिन उक्त अधिकारी जिला से जाने के बाद उन निर्देशों का पालन नहीं हो पाया। इसलिए गोठान संचालक अब प्रशासनिक अधिकारियों के भरोसे छोड़ कुआं मोटर और बरसात के पानी पर निर्भर हैं।

बावजूद इसके जिम्मेदारों ने गौठान पर सोलर लगाने की पहल पर अब तक नहीं किया है। ऐसे में स्वाभाविक है। समूह को खाद बनाने के लिए काफी ज्यादा जद्दोजहद करना पड़ेगा।

### 4 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**खरोरा/नवप्रदेश।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तारकेश्वर पटेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुविभाग विधानसभा राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में मादक पदार्थों के अवैध कारोबारियों पर खरोरा पुलिस का प्रहार लगातार जारी है। चार जुलाई की रात्रि मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम कनकी निवासी भारत वर्मा पिता अंजोर सिंह आयु 55 वर्ष के कब्जे से एक एक किलो के चार पैकेट में रखा हुआ कुल चार किलोग्राम गांजा कीमत लगभग 32000/ रुपए बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 285/21 धारा 20 (बी) नरकोटिक्स ऐक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया। वहीं एक अन्य मामले में अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी प्रभु दयाल देवांगन पिता भूखन लाल निवासी केशला को पकड़ा गया।

# नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा/नवप्रदेश।** नाबलिका से साथ बलात्कार करने के आरोपी को शहर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज कर आगे की विवेचना कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में शहर थानेदार विजय कुमार चौधरी ने बताया की रविवार को प्रार्थिया ने थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 3 जुलाई को इसकी बहन कल्याण सागर तालाब के पास डीजे देखने गयी थी कि आरोपी अजित उर्फ अज्जू ठाकुर द्वारा बहला फुसलाकर ले गया।

उक्त रिपोर्ट पर धारा 363 भादंवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस घटना की खबर पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला को देने के बाद उनके निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्यवही करते आरोपी के घर जाकर नाबालिग लड़की को बरामद किया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिक लड़की से पूछताछ किया।

पूछताछ में लड़की ने बताया की आरोपी जबरदस्ती हाथ को पकड़कर अपने घर ले जाकर कमरे को बंद कर शारीरिक शोषण किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने धमकी दिया है तथा पूर्व में भी शारीरिक शोषण किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ किया जो जुर्म करना स्वीकार किया प्रकरण में धारा 368, 376, 376 (3), 506, 342 भादवी 4,6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस ने आरोपी अजित उर्फ अज्जू ठाकुर पिता सुखराम ठाकुर उम्र 28, सा कल्याण सागर वार्ड भाटापारा को ज्युडिसियल रिमांड पर जेल भेज दिया,उक्त कार्यवाही में सउनि ओम साहू, प्रधान आरक्षक मोहन सोनवानी, आरक्षक दुर्गेश स्वर्णकार का विशेष योगदान रहा।

# ग्राम पंचायत ईल्दा में 245 लोगों ने ही करा पाए वेक्सीनेशन

**खरोरा/नवप्रदेश।** ग्राम पंचायत ईल्दा मे 18+ को कोवैक्सीन की वेक्सीन की टीकाकरण प्राथमिक शाला ईल्दा पर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉक्टर स्टॉप के साथ गांव की बेटी कुमारी गंगा सेन की जन्मदिन पर वृक्षारोपण कर टिका करण लगाए गए।

जिसमें मुख्य रूप से ग्राम सभा अध्यक्ष श्री खिलेश साहू जी (भाजयुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य रायपुर) ग्राम पंचायत सचिव श्री कार्तिक वर्मा जी श्री हिरा राम मिरझा श्री राजा राम धिवर,पंच श्री मति तामेस्वरी सेन डॉ. श्री विनोद तुरकाने जी. कंप्यूटर ऑपरेटर श्री चंद्रशेखर वर्मा जी डॉ. नीतू वर्मा जी ए. एन म., प्रेरक श्री मति बहुरा साहू (मितानिन), आँगन बड़ी कार्यकर्त्ता श्री मति दुलेस्वरी मिरझा.

मितानिन, श्रीमति कुंती साहू मिता.श्री मति जमुना साहू मिता. श्री मति राजेस्वरी साहू, श्री मति नीरा साहू श्री मति भावना साहू, श्री मति सुखमीन/कान्ति मिरझा कु. ठगेश्वरी धिवर आदि लोग उपस्थित रहें लोगों मे टिका को लेकर काफ़ी उत्साहित है

12 वार्डो की इस गाँव पर दो दिनों की इस शिविर मे 245 लोग ही लगवा पाए है दूसरे रोज दोपहर 1बजे से ही वैक्सीन की कमी होने से लोगों मे काफ़ी नाराजगी बनी हुई है पर डॉ.आर. डी जांगड़े जी को जानकारी देने पर 40 डोज ही बस अरेंज कर पाए जिसको धन्यवाद दिए उपस्थित भीड़ को निराशा जनक घर लौटनी पड़ी श्री भूपेश प्रदेश सरकार के इस राज्य में वैक्सीन उपलब्ध नहीं कराने की इस नाकामी को लेकर राज्य सरकार की इस रवैय्ये से ग्रामीणों ने काफ़ी ज्यादा नारजगी ब्यक्त की और साथ ही इस टिका करण पर आए डाक्टरों की इस सभी टीम को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर शुभकामनायें दिए गए एवं गांव की बेटी गंगा सेन को भी जन्मदिन पर सभी उपस्थित जनों ने शुभकामनायें देते हुवे वैक्सीन की कमी की वजह से शिविर को वैक्सीन आते तक के लिए स्थगित किए गए।

### जिले में पहुंचा प्रशिक्षु आईएएस का अध्ययन दल

**बलौदाबाजार/नवप्रदेश।** भारतीय प्रशासनिक सेवा छतीसगढ़ कैडर 2020 के 7 प्रशिक्षु आईएएस की टीम आज अध्ययन एवं विकास कार्यो की गतिविधियों के अवलोकन हेतु बलौदाबाजार पहुंची।

इस दौरान संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर सुनील कुमार जैन से सौजन्य मुलाकात कर जिलें की गतिविधियों से रूबरू हुए। कलेक्टर श्री जैन ने प्रशिक्षु अधिकारियों को जिलें का इतिहास, उद्योग, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की ने भी पंचायत विभाग द्वारा संचालित नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी, गौधन न्याय योजना से अवगत कराते हुए महानदी वनिता सेंटर के बारें में बताया। प्रशिक्षु आईएएस प्रतीक जैन ने बताया कि उनकी टीम सूरजपुर, अम्बिकापुर, रायगढ़, कोरबा होते हुए आज बलौदाबाजार पहुँची है। इस दौरान जिलें में स्थित निजी सीमेंट प्लांट में जाकर उनकी पूरी गतिविधियों एवं प्रक्रियाओं से रूबरू हुए। इसके साथ ही उनकें प्रोसेसिंग यूनिट सहित माइंस जाकर नजदीक से जानकारी हासिल की।

# हरियर मितान कार्यक्रम में ग्रामीणों को वितरीत किये फलदार पौधे

नवप्रदेश संवाद्राता

**भाटापारा।** सेवासुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति ने आज रविवार 4 जुलाई को समीपस्थ ग्राम करही (चण्डी) में हरियर मितान कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामवासियों को फलदार पौधे अपने अपने घरों में पौधरोपण के लिए दिए। समिति के संस्थापक टिकेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि विभिन्न ग्रामों में 5 हजार फलदार पौधे वितरित करने का उनका लक्ष्य है जिसके प्रथम चरण में आज उन्होंने 5 सौ पौधे ग्राम करही में वियरित किये हैं।

ग्रामीण महिला, पुरुष और बच्चों को आम, बिही, अनार, आंवला, नींबू आदि के 5 सौ पौधे वितरित किये। पौधा मिलने से ग्रामीणों में गजब का उत्साह दिख रहा था। संस्थापक टिकेन्द्र उपाध्याय ने ग्रामीणों को पौधों को पेड़ बनते तक संरक्षित रखने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बलौदाबाजार श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष रामाधार पटेल ने जीवन में पेड़ पौधों का महत्व बताया तथा कहा कि इस हरियर मितान का आयोजन पौधों को अपना मितान बनाने के लिए किया गया है।

उन्होंने कहा कि मितान मित्र को कहते हैं और हमे पौधों से मित्रवत संबंध रखने है तभी पौधे वृक्ष बन कर हमें फल देंगे। सभी उपस्थित ग्राम वासियों ने पौधा रोपण कर उसे देखभाल करने के लिए शपथ ली।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नवभारत के ब्यूरो चीफ नीरज बाजपाई ने पौधों की देखभाल का जिम्मा बच्चों को देते हुए कहा कि उन्हें पौधों की देखभाल करनी है तथा जिनके पौधे अच्छे विकसित होंगे उन 3 बच्चों को पुरस्कार दिया जाएगा। वे एक वर्ष बाद आकर निरीक्षण करेंगे। इससे बच्चों में उत्साह का संचार हुआ।

विशिष्ट अतिथि प्रो एस एम पाध्ये ने कोरोना काल के विशेष संदर्भ में मनुष्य के जीवन मे पेड़ों का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर सेवा सुगंधम जन कल्याण समिति के सक्रिय सदस्यों में अनामिका विनोद जाधव, शैलेन्द्र देवांगन, आदित्य बघेल, डी पी खिचरिया, आशाराम बघमार गुलशन वर्मा, दुर्गेश वर्मा, कुणाल, लाकेश, विनीत बघेल, सत्यम वर्मा, मंजू बघेल सरिता ध्रुव, माहेश्वरी, मीना वर्मा लालिता ध्रुव, सुरेखा, शांता, कु सरिता ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

संस्थापक टिकेन्द्र उपाध्याय ने इस आयोजन हेतु फलदार पौधे उपलब्ध कराने के लिए वन विभाग के डीएफओ, एसडीओ ए. के. व्यास, डिप्टी रेंजर संतोष वर्मा के प्रति विशेष आभार प्रकट किया।

# केबिनेट मंत्री अकबर के प्रयासों से नहर की सफाई और ग्रामीणों को मिला रोजगार

## कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सात गांवों के लगभग 750 किसानों के 250 हेक्टेयर खेतों में खरीफ सिंचाई के लिए पहुंचेगा पानी

### भोरमदेव सकरी फीडर योजना के नहर से गाद निकासी होते ही ग्रामीणों को मिलने लगेगा सिंचाई के लिए पानी

**कवर्धा/नवप्रदेश।** वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के विशेष प्रयासों से उनके कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सात गांवों के लगभग 750 किसानों के 250 हेक्टेयर खेतों में खरीफसिंचाई के लिए खेतों तक पानी जाने का ठोस साधन मिल जाएगा।

मंत्री श्री अकबर ने क्षेत्र के किसानों की मांगों को विशेष ध्यान में रखते हुए भोरमदेव सकरी फीडर योजना का नहर से गाद सफाई और बैंक सुधार कार्य के लिए 19 लाख 22 हजार रुपए की मनरेगा के तहत प्रशासकीय स्वीकृति दिलाई है। मंत्री श्री अकबर ने आज भोरमदेव सकरी फीडर योजना का नहर से गाद सफाई और बैंक सुधार कार्य को निरीक्षण किया।

किसानों की मांग पुरी होने पर क्षेत्र के सौकड़ों किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए आज मंत्री श्री अकबर के प्रति आभार व्यक्त किया। मंत्री श्री अकबर ने मनरेगा के तहत स्वीकृत रोजगार मूलक कार्य की प्रगति को देखकर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अब किसानों को खरीफफसलों के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। मंत्री श्री अकबर के साथ श्री नीलकंठ चंद्रवंशी, श्री कलीम खान, श्री कन्हैया अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नहर सुधार कार्य का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरार मंत्री श्री अकबर को किसानों ने बताया कि यहां कार्य ग्राम चौरा से खिरसाली तक नहर सुधार कार्य करने के लिए चिन्हांकित किया गया है। कार्य महात्मा गांधी नरेगा योजना में स्वीकृत है जिसमें 13 लाख 10 हजार रुपए मजदूरी पर एवं 6 लाख 12 हजार रुपए सामग्री पर व्यय होना प्रस्तावित है। तीन किलोमीटर 6 सौ मीटर के क्षेत्र में होने वाले इस कार्य में अट्ठारह सौ मीटर पक्की लाइनिंग कार्य है, जिसमे गाद की सफाई का कार्य होना है और अट्ठारह सौ मीटर में कच्चा लाइनिंग कार्य करते हुए छपरी डायवर्सन के पास सुधार कार्य किया जाना है। मौके पर उपस्थित जलसंधान विभाग के अधिकारी श्री दिनेश भगोरिया ने बताया की माह मई के अंतिम सप्ताह से यह कार्य प्रारंभ किया गया है जो अभी प्रगतिरत है। चार सप्ताह से चल रहे इस कार्य मे अब तक 934 मानव दिवस रोजगार का सृजन करते हुए 1 लाख 18 हजार रुपए मजदूरी राशि ग्रामीणों को दिया गया है।

**दस वर्षो से सिचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा था, किसानों की पुरानी मांग थी :** सिंचाई के साधनों में वृद्धि करने के उद्देश्य से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से हो रहे भोरमदेव सकरी फीडर योजना का नहर गाद सफाई और बैंक सुधार कार्य से ग्राम छपरी एवं उसके आसपास के छः से सात गांव के किसानों को रोजगार के लाभ मिलने लगा है। कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला के ग्राम छपरी, खिरसाली, बद्दो, लाटा, भागूटोला एवं रघ्घुपारा के ग्रामीणों की पुरानी मांग रही है कि उनके क्षेत्र में नहर से कृषि कार्य के लिए पानी की उपलब्धता हो, लेकिन पूर्व से निर्मित 1800 मीटर नहर में गाद भर जाने से तथा नहर की लंबाई उतनी नहीं होने के कारण ग्रामीणों की यह मांग कई वर्षों से अधूरी रही है जो अब महात्मा गांधी नरेगा योजना से पूरा हो रहा है। ज़िले के कृषको को सुविधा सम्पन बनाना और खेती किसानी कार्य में सबसे बड़ी बाधा सिंचाई की कमी को दूर करने नए संरचनाओं का निर्माण कर साधनों में वृद्धि करना शासन का लक्ष्य है, ताकि कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहे।

### ग्रामीणों की मांग के साथ मो. अकबर के अनुशंसा पर कार्य को मिली मंजूरी

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष कवर्धा विधायक एवं मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहम्मद अकबर जी ग्राम छपरी में ग्रामीणों से जनसंपर्क कर रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने मंत्री श्री अकबर को कृषि कार्य के लिए पानी की उपलब्धता के लिए नहर का सुधार कार्य कराते हुए नहर का विस्तार करने की मांग की। यह भी अवगत कराया गया था कि विगत 10 वर्षों से नहर प्रणाली के माध्यम से कमांड क्षेत्र में आने वाले किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र की समस्या को देखते हुए मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने इस कार्य को कराने के लिए जिला प्रशासन से अनुशंसा की गई। ग्रामीणों की मांग पर यह कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत स्वीकृत किया गया तथा इस कार्य के लिए जल संसाधन विभाग संभाग कवर्धा को निर्माण एजेंसी बनाया गया।

# कोविड टीकाकरण में जिले में साजा सबसे आगे, 52 हजार लोग ले चुके लाभ

## लोगों मे टीका लगाने में दिखा जबरदस्त उत्साह

नवप्रदेश संवाददाता

**साजा।** कोरोना के विरुद्ध लड़ाई मे वैक्सिनेट हो रहे साजा क्षेत्र के लोगों ने जबरदस्त उत्साह और जागरुकता का परिचय देते हुये बेमेतरा जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। टीका लेने में आमजन की रुचि से स्वास्थ्य विभाग ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है। स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगो से टीका लगाने लगातार अपील करते रहने का सुखद परिणाम सामने आया।

### अब तक 51700 लोगों ने टीका का लाभ लिया

साजा स्वास्थ्य विभाग के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्वनी कुमार वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा जिले में साजा खंड के अंतर्गत कुल 51701 लोगों ने टीका लिया हैं। जिसमे से पहले डोज 44216 लोगों को, जबकि दूसरा डोज 7485 लोगों को लगाया गया है। जिले मे सबसे अधिक टीकाकरण का लाभ साजा खंड के लोगों ने लिया है जो की आगे चलकर कोरोना से जंग मे अहम भूमिका निभायेगी, तीसरी लहर से पहले टीकाकरण को आवश्यक मान रहे स्वास्थ्य विभाग ने खुशी व्यक्त करते हुए सभी लोगो को टीकाकरण की सलाह दी है।

## रेंगाकठेरा में नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर मोहल्ला क्लास का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** मोहला विकासखंड के ग्राम रेंगाकठेरा में 2 जुलाई दिन शुक्रवार से मोहल्ला क्लास प्रारंभ की गई है। मोहल्ला क्लास का संचालन प्रारंभ होने के अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर एवं सभी बच्चों को कापी, पेन, पहाड़ाए पेंसिल, रबड़ एवं मॉस्क का वितरण करके पढ़ई तुंहर दुआर योजना के द्वितीय चरण के तहत शैक्षणिक अध्यापन कार्य शुरू किया गया। हाई स्कूल के प्राचार्य बीके प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई जरूरी है, जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। सभी बच्चों को प्रतिदिन मोहल्ला कक्षा में आकर पढ़ाई करना है। साथ में इस बात का भी विशेष ध्यान रखना है कि, मास्क लगाकर और सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए पढ़ना है।

# अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं, ऐसे कार्यों में लिप्त लोगों के विरूद्ध होगी सख्त कार्यवाही: पारुल माथुर

- नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक ने किया पदभार ग्रहण
- पुलिस अधीक्षक से समस्त थाना प्रभारी एवं कार्यालयीन स्टाफने सौजन्य मुलाकात की

नवप्रदेश संवाददाता

**गरियाबंद।** जिले की नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर ने कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद जिले के राजपत्रित अधिकारी व थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर बेहतर पुलिसिंग को लेकर प्राथमिकताओं के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर ने कहा जनता के प्रति विश्वास के साथ कार्य करें, पुलिस की कार्यवाही पारदर्शी व निष्पक्ष बनी रहे। उन्होंने विश्वसनीय पुलिसिंग के तहत साफ-सुथरी कार्यवाही करने कहा। पीड़ित पक्ष के थाने आने पर एफआईआर दर्ज करने में कोताही ना बरते अन्यथा संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने की बात कही। महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर थाना प्रभारी फौरन एक्शन लेते हुए रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थानों में पंजीबद्ध मामलों के निराकरण में अनावश्यक विलम्ब न करें।

थाना प्रभारी अपने कार्यस्थल में अधिक से अधिक समय मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों को अच्छे कार्यो के लिए सदैव मोटिवेट करें। माननीय न्यायालय से संबंधित कार्यो को पूर्ण जवाबदेही के साथ समय पर करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने प्रमुख रूप से कहा कि अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं होगी, अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। थाना में आने वाले फरियादी की शिकायत गंभीरता से सुनकर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए उसे संतुष्ट करें, फरियादी निराश होकर न जाए। आपके ऐसी कार्यवाही से समाज व लोगों में पुलिस की छवि और अच्छी बनेगी। उन्होंने रात्रि गश्त के बारे में जानकारी लेकर उसे और प्रभावी बनाने कहा है।

इस दौरान जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव, रक्षित निरीक्षक उमेश राय एवं समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी सहित जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया मैनपुर तहसील का आकस्मिक निरीक्षण

- दो घण्टे तक किया रिकार्ड का अवलोकन
- रिकार्ड की खामियों पर नाराजगी जताई, दुरुस्त करने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

**गरियाबंद।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर ने आज मैनपुर तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पूरे कार्यालय के रिकार्ड का अवलोकन व निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक सेवा केंद्र, राजस्व निरीक्षक कार्यालय, मॉडर्न रिकार्ड रूम, वर्षामापी यंत्र और नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने तहसील कार्यालय में आये आम जनों से भी बात की और जानकारी ली। कलेक्टर ने नायब तहसीलदार न्यायालय से संबंधित अभिलेखों का 15 दिन में रिकार्ड दुरुस्त करने के निर्देश दिये है। साथ ही रीडर समुंद भंडारी को रिकार्ड अद्यतन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने राजस्व निरीक्षक शाखा का निरीक्षण करते हुए बी.वन पंजी, खाली पत्रक,पटेली रजिस्टर, सीमांकन पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने सभी लंबित सीमांकन को प्राथमिकता क्रम से पूर्ण करने के निर्देश आर.आई. मनोज चंद्राकर को दिए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 20 सीमांकन के कार्य लंबित है। कानूनगो शाखा के निरीक्षण के दौरान सभी पंजी को पूर्ण संधारित करने , अद्यतन करने और रिकार्ड का उचित तरीके से रखरखाव करने कहा गया। फाईलों व रजिस्टर को आलमारी में सुव्यवस्थित व सुरक्षित संधारण के निर्देश दिये है। नायब तहसीलदार न्यायालय में उन्होंने विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया। राजस्व पंजी, कोर्ट केस, अर्थदंड तथा ई-कोर्ट में अद्यतन नहीं होने के कारण नाराजगी व्यक्त किया गया और नायब तहसीलदार कृष्ण मूर्ति दीवान को 15 दिन के भीतर रिकार्ड अद्यतन करने और लंबित प्रकरणों का समाधान करने के निर्देश दिए।

# 10 दिन तक त्यौहार मनाकर सिखाए जाएंगे सुपोषण के गुर

- जिले में 7 से 16 जुलाई तक मनाया जाएगा वजन त्यौहार
- आंगनबाड़ी केन्द्रों में होगी सजावट

**राजनांदगांव।** बच्चों, गर्भवती महिलाओं व शिशुवती माताओं में सुपोषण के लिए जिले में 10 दिनों तक वजन त्यौहार मनाया जाएगा। कुपोषण मुक्ति के लिए 7 से 16 जुलाई तक पूरे जिले में अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन कर उनके पोषण स्तर का पता लगाया जाएगा। वहीं 11 से 18 वर्ष तक की बालिकाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट किया जाएगा। कुपोषित बच्चों तथा एनीमिक माताओं का चिन्हांकन कर शत-प्रतिशत पीड़ितों को कुपोषण से मुक्त करने का प्रयास किया जाएगा।

वजन त्यौहार को उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी की जा रही है। आंगनवाड़ी केन्द्रों को सजाया जा रहा है। वजन त्यौहार के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश ने बताया, जिला प्रशासन द्वारा कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर कुपोषण दूर करने के लिए पर्याप्त पोषण प्रदान करने के साथ ही परिवार के सदस्यों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। कुपोषण को पौष्टिक भोजन, दवाईयां और व्यवहार में परिवर्तन से ही दूर किया जा सकता है। वहीं अभियान के तहत वॉल राईटिंग, इंटरनेट मीडिया, व्हाट्सअप ग्रुप व फेसबुक के माध्यम से सुपोषण संबंधी आवश्यक जानकारियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सुपोषण के लिए 10 दिन तक चलाए जाने वाले अभियान में समाज के व्यक्तियों को प्रमुखता से शामिल किया जाएगा। मितानीन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घरों में संपर्क कर लोगों को सुपोषण के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने बताया, वजन त्यौहार के दौरान 7 से 16 जुलाई तक सुपोषण हेतु बच्चों को दिन में 4-5 बार थोड़ा-थोड़ा खाना खिलाने, आसपास साफ-सफाई रखने तथा खाने से पहले हाथ धोने जैसी आदतों को अपनाने पर जोर दिया जाएगा।

**सियासत** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक मैनपुर के साहू समाज भवन में सम्पन्न

# कांग्रेस को घेरने भाजपा की रणनीति तैयार, ढाई साल की विफलता को लेकर गांव-गांव जायेंगें भाजपा कार्यकर्ता

नवप्रदेश संवाददाता

**गरियाबंद।** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक मैनपुर के साहू समाज भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व सम्पन्न कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों को रूपरेखा तैयार की गई। इसके साथ कोरोना काल में दिवंगत कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, जिला संगठन प्रभारी राकेश यादव, विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय सहित जिला के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने स्वागत भाषण देते हुए प्रदेश संगठन से मिले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से इसे सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चल रहा है सभी कार्यकर्त्ता इसके लिए आम जनमानस को जागरूक करें और अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात श्रवण करने की अपील की। जिला संगठन प्रभारी राकेश यादव ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपने ढाई साल के कार्यकाल मे हर मोर्चे पर असफल रही, केंद्र की योजनाओं पर रोक लगा दी हैं। भाजपा के सभी मोर्चा के पदाधिकारियों को कांग्रेस सरकार के खोखले वादों के अधूरी घोषणाओं को लेकर सरकार को घेरने और प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

पूर्व सांसद और भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्दूलाल साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की इतनी उपलब्धियां है कि जनता के बीच लेकर जाए तो राज्य की कांग्रेस सरकार जड़े हिल जाएगी। उन्होंने ने कहा कि राज्य की दिशाहीन भूपेश सरकार हर मोर्चे मे असफल रही है। नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना फ्लाप निकली, योजना भ्रष्टाचार के भेट चढ़ गई। सड़कों पर घूमते आवारा मवेशी गौठान और रोका छेका अभियान की असलियत खोल रहे हैं। उपार्जन केंद्रों में धान सड़ रहा है जिसे देखने वाला कोई नहीं है। भूपेश सरकार के कुव्यवस्था और कुप्रबंधन ने छत्तीसगढ़ को पांच साल पीछे कर दिया। ढाई साल में 27 हजार का कर्जा लेकर छत्तीसगढ़ को डुबो दिया है। हाईकोर्ट ने भी तीखी टिप्पणी की है, सरकार ने छत्तीसगढ़ को गोबर राज्य बना दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति नियत सही नहीं होने के कारण छत्तीसगढ़ की दुर्गति हो रही है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता इस दोगली सरकार को जड़ से खत्म करने अभी से कमर कस लें। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर राज्य की कांग्रेस सरकार की विफलता गिनाएं।

बिंद्रानवागढ विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा कि जिला के कार्यकर्ता अभी से एकजुट हो जाए। राज्य की निकम्मी और विकास विरोधी सरकार के झूठे वादों का पुलिंदा ढाई साल में ही ढह गया है। सभी कार्यकर्ता अभी से मैदान में उतरकर कांग्रेस सरकार का चेहरा जनता के बीच जाकर बेनकाब करें।

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि ढाई साल मे भूपेश सरकार ने वादाखिलाफी के नए रिकार्ड बनाए है। जनता को ठगने वाली ये सरकार अब गरीबो की छत छीनने का काम कर रही हैं, गरीबों की चिंता छोड़ सरकार को शराब बेचने की चिंता है। इस सरकार की संवेदनाएं मर चुकी है। कांग्रेस अपने स्वार्थ में छत्तीसगढ़ को बेचने का काम कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का टीका कहने वाले कांग्रेसी चोरी चुपके टीका लगवा रहे हैं। जो भ्रम कांग्रेस ने फैलाया है, उसे खत्म करने का काम करें। उन्होंने भाजपा के कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाने का आह्वान किया।।

## इस साल भी भगवान बलभद्र, जगन्नाथ और सुभद्रा जी की रथयात्रा नहीं निकलेगी

**फिंगेश्वर।** करोना प्रोटोकॉल के चलते गरियाबंद जिले में भी 12 जुलाई को निकलने वाली रथयात्रा रद्द कर दी गई है,उक्त जानकारी फिंगेश्वर मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सरवराकार नीलेंद्र बहादुर सिंह ने दी है। वार्षिक महा स्नान, पूजा, विधि आदि आवश्यक विधान मंदिर के पुजारियों के द्वारा संपन्न की जाएगी,जिसमें आम जन की सहभागिता नहीं रहेगी। मंदिर ट्रस्ट कमेटी के कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि 12 जुलाई को रथयात्रा के दिन भगवान की रथयात्रा नगर भ्रमण में नहीं निकाली जाएगी न ही कोई सार्वजानिक वार्षिक मेले का आयोजन होगा। ट्रस्टी शिवाजी धुर्वे ने सभी श्रद्धालुओं से ऐसी आपदा की स्थिति में करोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए,श्री जगन्नाथ जी से अपने घरों से रह कर मंगल कामनाएं करने की अपील की है।

## एसपी अरविन्द ने किया कार्यभार ग्रहण

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले में नये पुलिस अधीक्षक के रूप में अरविन्द कुमार कुजूर ने शनिवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। इसके उपरांत उन्होने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफसे परिचय प्राप्त किया। भारतीय पुलिस सेवा वर्ष 2010 बैच के अधिकारी श्री कुजूर इसके पहले मुंगेली में पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य कर चुके है।

## ग्राम भेड़नी पहुंच विधायक ने दी सेना के जवान को श्रद्धांजलि

**बेमेतरा।** बेमेतरा विधानसभा के ब्लाक बेरला के ग्राम भेड़नी निवासी भारतीय थल सेना 511 एडी रेजिमेंट में सेवारत जवान पोषण साहू के अंतिम संस्कार में बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए एवं उन्होंने स्व. जवान को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष बने दौलत कुंजाम

**अर्जुनी।** शहीद वीरनारायण सिंह कर्मभूमि जिला बलौदाबाजार में सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई भाटापारा का नयी कार्यकारिणी का गठन 4 जुलाई दिन रविवार स्थान आदिवासी भवन खपराडीह में उपस्थित सर्व आदिवासी समाज के वरिष्ठ जनो एवं सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से चयन/मनोनयन टेकसिंह ध्रुव संरक्षक सर्व आदिवासी समाज बलौदाबाजार अध्यक्ष मांवली महासभा अमर मंडावी संरक्षक युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज जिला उपाध्यक्ष मनोहर मंडावी, द्रोण ध्रुव मीडिया प्रभारी मांवली महासभा, जिला उपाध्यक्ष युवा प्रभाग अशोक मरकाम, प्रदेश मीडिया सचिव रूपेश नागवंशी के विशेष उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ।सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ बड़ादेव की पूजा अर्चना के साथ किया तत्पश्चात गठन की प्रक्रिया किया गया जिसमे सर्व सम्मति से मनोनयन किया गया जिसमें ब्लॉक पदाधिकारी संरक्षक नीलकंठ ध्रुव अध्यक्ष दौलत कुंजाम उपाध्यक्ष मोती लाल मंडावी उपाध्यक्ष बालाराम मरकाम सचिव उदल सिंह नेताम सहसचिव रविशंकर नोहर छेदईहा फागुराम मरकाम एवं कोषाध्यक्ष हनुमंत मंडावी को बनाया गया इसी तरह युवा प्रभाग में संरक्षक नरसिंह नेताम अध्यक्ष नेहरू राम मरकाम उपाध्यक्ष लकेश्वर जगत विक्रम ध्रुव बंद्री प्रसाद ध्रुव सचिव चंद्रप्रकाश ध्रुव सहसचिव यमन ध्रुव कोषाध्यक्ष भीषम नेताम का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर जगदीश छेदईहा आदिवासी सेना ब्लॉक अध्यक्ष भाटापारा हेमंत नेताम उमेंद्र ध्रुव शत्रुहन ध्रुव सर्व आदिवासी समाज भाटापारा के समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

## जवानों को नुकसान पहुंचाने नक्सलियों ने लगाया आईआईडी

**कांकेर।** काँकेर जिले के अतिसवेदनसील इलाक़ो में अब नक्सली बैकफुट पर आते नज़र आ रहे है।बीएसएफके जवानों द्वारा लगातार सर्चिंग से बौखलाए नक्सली जवानों को नुकसान पहुचाने की नियत से आईआईडी लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे है।ऐसा ही एक मामला सोमवार को प्रकाश में आया है।अंतागढ़ विकाशखण्ड के बड़गांव थाना क्षेत्र के दोड़दे कादर गांव के पास स्टेट हाईवे क्रमांक 25 से 10 मीटर की दूरी पर आईआईडी लगाया गया था।नक्सली बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।बताया जा रहा है की बीएसएफकी 157वीं बटालियन ने नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईआईडी बम को किया डिफ्यूज कर बड़ी घटना होने में सफलता मिली है।

## डाक्टर डी.पी.देशमुख जी को 'पद्म श्री' सम्मान हेतु मांग



**बालोद।** कला परंपरा-कला बिरादरी संस्थान के प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ. डी.पी. देशमुख के अथक प्रयास से छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर से लेकर सरगुजा तक समस्त जिलों के लगभग सभी लोक विधा के लोक कलाकार एवं साहित्यकारों के संदर्भ में अनेक संस्मरण एवं साहित्यिक पुस्तकें प्रकाशित कर कलाकारों एवं साहित्यकारों को पूरे प्रदेश तथा देश में एक नई पहचान दी है। डॉ डी पी देशमुख के इस भागीरथ प्रयास के लिए भारत सरकार की ओर से पद्मश्री सम्मान से सम्मानित करना चाहिए। छत्तीसगढ़ जैसे लोक संस्कृति ,लोक विधा नाचा गम्मत , लोक वादन, लोक गायन के कलाकारों को उन्होंने भरपूर सम्मान दिया है । उक्त बातें छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के कलाकारों साहित्यकारों ने कही है। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से किया गया जिसे कवयित्री आशा आजाद 卐कृति卐 द्वारा प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात कार्यक्रम के सभी अतिथियों का स्वागत करने हेतु स्वागत गीत कवि गया प्रसाद साहू卐रतनपुरिहा卐ने प्रस्तुत किया। आज के इस स्थापना दिवस एवं जन्म दिवस के विशेष कार्यक्रम में डॉ डीपी देशमुख जी के सानिध्य में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न कलाकारों एवं साहित्यकारों को 卐कला परंपरा कला/साहित्य रत्न सम्मान पत्र प्रदान दिनांक-6 जुलाई 2021 को रात 8-00 बजे से गूगल मीट के द्वारा विभूषित किया जायेगा, जिसमें 11 सम्मान पत्र छत्तीसगढ़ के कलाकारों को दिया जायेगा एवं 11 सम्मान पत्र छत्तीसगढ़ प्रांत से विभिन्न साहित्यकारों तथा संस्थान के पदाधिकारियों को प्रदान किया जायेगा । सभी सम्मानीय कलाकारों एवं साहित्यकारों को मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक जी,पूर्व अध्यक्ष-राजभाषा आयोग छ.ग. द्वारा सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में कला परंपरा कला बिरादरी के 22 वां स्थापना दिवस एवं डॉ डीपी देशमुख जी के 65 वें जन्म दिवस के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि डाक्टर विनय कुमार पाठक जी ने कहा- 'डाक्टर डी.पी. देशमुख जी ने अपने जीवन भर साहित्यकारों एवं लोककलाकारों के उत्थान हेतु तन-मन-धन न्योछावर करके निस्वार्थ भाव से काम किया है।